हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



पेज : 08
राशि खन्ना का खुलासा स्क्रिप्ट पढ़े बिना ही साइन की तेलुगु फिल्म बाक

WWW.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 01 मई 2024, वर्ष - 07, अंक- 73, पृष्ठ- 8, मूल्य- 3.00 | naisochexpreess@gamil.com

## मुस्लिम युवती- साहब मुझे हिंदुओं जैसा संपत्ति का अधिकार चाहिए

एजेंसी। नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट के सामने कई बार चौंकाने वाले मामले आते हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली खंडपीठ के सामने एक ऐसी अर्जी आई, जिसमें एक मुस्लिम युवती ने यह कहते हुए भारतीय उत्तराधिकार कानून के तहत संपत्ति बंटवारे का निर्देश देने की मांग की थी कि वह इस्लाम नहीं मानती है। महिला का तर्क था कि वह भले ही मुस्लिम परिवार में जन्मी है लेकिन उसकी आस्था अब इस्लाम धर्म में नहीं है। इसलिए उसकी पैतृक संपत्ति का बंटवारा शरिया कानून के तहत ना होकर भारतीय उत्तराधिकार कानून के तहत करने का निर्देश दिया जाय।खंडपीठ में जस्टिस चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी थे। महिला के वकील के तर्कों को सुनने के बाद तीनों जजों की बेंच ने उस पर गहन विचार-विमर्श किया और इस नतीजे पर पहुंची कि यह मुद्दा महत्वपूर्ण है। इसके बाद सीजेआई ने अटॉर्नी जनरल को इस मामले में एमिकस क्यूरी बहाल करने का निर्देश दिया, जो अदालत को कानूनी और तकनीकी पहलुओं से परिचित करा सके। इस मामले की अगली सुनवाई अब जुलाई 2024 के दूसरे सप्ताह में निर्धारित है।याचिका पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि भारतीय उत्तराधिकार कानून मुस्लिम धर्म में जन्मे व्यक्तियों को धर्मनिरपेक्ष कानून का लाभ उठाने से रोकता है, भले ही वे शरीयत कानून की धारा 3 के तहत औपचारिक रूप से ये घोषणा करें कि वे अब इस्लामी कानून का पालन नहीं करना चाहते हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि भारतीय उत्तराधिकार कानून की धारा 58 में कहा गया है कि यह मुसलमानों पर लागू नहीं होता है। भले ही आप शरिया अधिनियम के तहत घोषणा न करें, वसीयत आदि पर कोई धर्मनिरपेक्ष अधिनियम नहीं है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि जब आप शरियत भी नहीं मानेंगे तो फिर आप पर कौन सा नियम लागू होगा? यह एक अहम विषय है। इसके बाद सीजेआई ने इस पर एक कानूनी अधिकारी के नियुक्ति का आदेश दिया। यह रिट याचिका केरल की एक महिला सफिया पीएम ने दायर की है। सफिया केरल में पूर्व-मुस्लिमों (जो मुस्लिम परिवार में जन्में लेकिन अब इस्लाम में आस्था नहीं रखते) का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संघ की महासचिव हैं। अपनी याचिका में सफिया ने एक डिक्लेरेशन दिया कि जो व्यक्ति मुस्लिम पर्सनल लॉ से बंधे नहीं रहना चाहते हैं, उन्हें देश के धर्मनिरपेक्ष कानूनों, विशेष रूप से 1925 के भारतीय उत्तराधिकार कानून के तहत वसीयत और गैर वसीयत उत्तराधिकार के मामलों में अधिकार मिलना चाहिए। महिला ने तर्क दिया कि संविधान का अनुच्छेद 25 उसे किसी भी धर्म में आस्था रखने या न रखने की आजादी देता है। इसके साथ ही उनसे कहा कि उसके में पिता भी इस्लाम में आस्था नहीं रखते हैं इसलिए वह भी शरिया कानून के मुताबिक वसीयत नहीं लिखना चाहते हैं। इस पर सीजेआई ने कहा कि अगर आप इसकी घोषणा नहीं करते हैं, तो धारा 3 के तहत आप इस कानून के अधीन नहीं आएंगे। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, मैं महिला हूँ, और मेरे भाई को डाउन सिंड्रोम है, उसे 2/3 संपत्ति दी गई है तो क्या मुझे भी वसीयत नहीं की जा सकती है। मेरी एक बेटी है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा, इसकी हम घोषणा कैसे कर सकते हैं? सीजेआई ने कहा, आपके अधिकार या हक आस्तिक या नास्तिक होने से नहीं मिलते बल्कि ये अधिकार आपको आपके जन्म से मिले हैं। अगर मुसलमान के रूप में पैदा होते हैं,तो आप पर मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू होगा। जहां तक आपके पिता का सवाल है तो वह भी धारा-3 से बाध्य हैं। जब तक वह भी घोषणा नहीं करते तब तक वह धारा- 2 से बंधे रहेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने मप्र बार काउंसिल अवमानना कार्रवाई मामले में दिया स्टे

**नई दिल्ली**। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ चल रही अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई तक इस मामले में स्टे दे दिया है। इससे पहले मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और बार काउंसिल के अन्य सदस्यों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कोर्ट के समक्ष अपना पक्ष रखा था, जिस पर पीठ ने संज्ञान लिया है। मामले की सुनवाई कर रहे मुख्य न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की डबल बैंच ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा एवं अन्य की बात सुनने के बाद स्थगन आदेश दे दिया। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ चल रही अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका पर स्टे देने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई 15 जुलाई 2024 को नियत करने को कहा है। इससे पहले याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा ने कहा कि मप्र बार काउंसिल अध्यक्ष और सदस्यों को आपराधिक अवमानना नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि व्यक्तिगत सदस्यों के खिलाफ कार्यवाही हटा दी गई, हाईकोर्ट उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही आगे बढ़ा रही है।

## कांग्रेस ने सालों तक पिछड़ों और दलितों के साथ धोखा किया : पीएम

एजेंसी। सोलापुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के सोलापुर में एक चुनावी सभा को संबांधित करते हुए कहा कि दलित और पिछड़ों के साथ कांग्रेस ने सालों से धोखा किया है। उनसे झूठ बोलकर उन्हे गुमराह किया गया है। अब सच्चाई सामने आ गई है तो बौखला गए हैं। आपने देखा होगा कि ये लोग सिर्फ मोदी को गाली दे रहे हैं, इनके पास चुनाव में कोई मुद्दा ही नहीं बचा है। कांग्रेस ने दशकों तक एससी, एसटी और ओबीसी से जिस तरह विश्वासघात किया है, उसके चलते ये लोग उससे नाराज हैं। महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के 60 सालों के राज में सबसे ज्यादा एससी, एसटी और ओबीसी के परिवारों की ही सबसे ज्यादा हालत खराब रही। गांवों के बाहर झुग्गियों में रहने वाले लोग आखिर कौन हैं? हमारे दलित समुदाय के लोग ही हैं। आज उन लोगों को पहले लाभ मिल रहा है, जो दशकों से पिछड़े हुए थे। हम मानते हैं कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार उन लोगों का है, जो आखिरी पंक्ति में हैं। महात्मा गांधी भी ऐसा ही कहते थे। पीएम मोदी ने कहा कि मुफ्त राशन, बिजली, गैस सिलेंडर और आवास जैसी जरूरतें इन्हीं वर्गों की सबसे ज्यादा थीं। उन्होंने कहा कि अब ये लोग झूठ फैला रहे हैं कि संविधान बदल देंगे और आरक्षण खत्म कर देंगे। मैं पहले ही कह चुका हूं कि खुद बाबासाहेब आंबेडकर चाहें तो संविधान को बदल नहीं सकते। सैकड़ों सालों तक जिनके साथ अन्याय हुआ, हमारे पूर्वजों ने पाप किए होंगे। मेरे लिए यह प्रायश्चित का अवसर है। इसलिए आरक्षण को जितनी ताकत मैं दे सकता हूं, उसके लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं आज ज्यादा से ज्यादा सीटें इसलिए मांग रहा हूं कि एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में खेल न हो सके। पीएम मोदी ने कहा कि इन लोगों ने आरक्षण का बड़ा हिस्सा माइनॉरिटी को देने का खेल खेला है। इसलिए आपसे मैं आशीर्वाद मांगने आया हूं कि मोदी की मजबूत करो। इसलिए हम उन योजनाओं को लाए और बिना किसी भेदभाव के लागू किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि इन स्कीमों से जोड़ने के लिए हमारी समाज घर-घर पहुंची है। पीएम ने इस दौरान कमजोर आर्थिक वर्ग को मिलने वाले ईडब्ल्यू आरक्षण का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमने एससी, एसटी और ओबीसी के लोगों का हक मारे बिना ही सामान्य वर्ग के गरीबों को आरक्षण दिया। इसके खिलाफ कहीं कोई हिंसा नहीं हुई बल्कि दलित नेताओं ने भी स्वागत किया।

## खास खबर

### मुंबई-आगरा हाइवे पर भीषण बस हादसा, पांच की मौत, 17 घायल



**नासिक**। महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम की एक बस मुंबई-आगरा हाइवे पर चांदवड के राहुड घाट में भयानक हादसे का शिकार हो गई. ट्रक और बस के बीच हुई भीषण टक्कर में 5 यात्रियों की मौत हो गई. हादसा मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे जलगांव से वसई जा रही एसटी बस का हुआ. इस हादसे में 17 यात्री घायल हो गए हैं. घायलों को जिले के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक एसटी बस को बायीं ओर से तेज गति से चल रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी. हादसा राहुड घाट इलाके में हुआ. हादसे के वक्त बस में 45 यात्री सवार थे. सब कुछ इतनी तेजी से हुआ कि यात्रियों को संभलने का वक्त ही नहीं मिला. चालक द्वारा बस पर से नियंत्रण खोने के बाद कई लोग बस से बाहर गिर गए या बस की खिड़कियों से टकरा गए। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे. पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया. इस मार्ग से गुजर रहे अन्य वाहनों के यात्रियों ने रुककर दुर्घटनाग्रस्त एसटी बस के यात्रियों को बाहर निकाला. हादसे के बाद सड़क पर कई यात्रियों के खून से लथपथ पड़े होने की चौंकाने वाली तस्वीर देखी गई. एक प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक घटनास्थल के हालात से साफ है कि हादसे के बाद बस डिवाइडर से टकराकर रुक गई। इस हादसे में घायल 17 यात्रियों को पास के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बहरहाल ये हादसा हुआ कैसे? इसके लिए कौन जिम्मेदार है इसकी गहनता से जांच की जाएगी।

## भागलपुर में लोहे की छड़ों से भरा ट्रक स्कॉर्पियो पर पलटा 6 की मौत

एजेंसी। पटना



मौत कब कहां और किस बहाने से आ जाए कोई नहीं जानता। भागलपुर के एनएच 80 पर हुआ एक हादसा हैरान कर देने वाला है। जहां सड़क पर लोहे की छड़ों से लदा ट्रक जा रहा था तभी बगल से एक स्कॉर्पियो कार निकली। कार पूरी तरह ट्रक को क्रॉस करती इससे पहले ही ट्रक का टायर फट गया और सीधा कार पर पलट गया। जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई। घटना घोघा थाना क्षेत्र के आमापुर गांव के पास एनएच 80 पर घटी। जानकारी के मुताबिक, घटना उस वक्त हुई जब स्कॉर्पियो कार में सवार सभी लोग मुंगेर से पीरपैंती एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। यह हादसा रात करीब 11:30 बजे हुआ जब छड़ ले जा रहा ट्रक टायर फटने के बाद कार पर पलट गया। ट्रक पलटने से स्कॉर्पियो कार पापड़ बन गई। घटना के बाद त्वरित कार्रवाई की गई, स्थानीय निवासियों ने घायल व्यक्तियों को बचाने में पुलिस की सहायता की। बचाव कार्य देर रात तक जारी रहा, घायल व्यक्तियों को भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## अमित शाह ने विपक्ष के एक-एक दावे को किया खारिज बोले- आरक्षण खत्म करने के दावे निराधार

एजेंसी। गुवाहाटी



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के तमाम दावों को खारिज करते हुए कहा है कि आरक्षण खत्म करने के दावे पूरी तरह निराधार है। शाह ने असम में पत्रकारों से चर्चा करते कहा कि विपक्ष का आरक्षण खत्म करने वाली बात निराधार है। उन्होंने आगे कहा आप सभी जानते हैं कि 7 चरणों में होने वाले चुनाव के 2 चरण समाप्त हो चुके हैं। इन दो चरणों के बाद हमारी पार्टी के आंतरिक मूल्यांकन के हिसाब से भाजपा और साथी दल मिलकर 100 के आगे निकल चुके हैं। और हम बड़े विश्वास के साथ जनता के आशीर्वाद और समर्थन से 400 पार के हमारे लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। अमित शाह ने आगे कहा कांग्रेस झूठ फैलाकर जनता के बीच में भ्रांति पैदा करना चाहती है। मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि भाजपा एससी,एसटी और ओबीसी के आरक्षण की समर्थक है और हमेशा इसके संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाएगी। एससी,एसटी और ओबीसी के आरक्षण पर किसी राजनीतिक दल में अगर डाका डाला है, तो वो कांग्रेस पार्टी ने डाला है। सबसे पहले उन्होंने संयुक्त आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को आरक्षण दिया, जिसके कारण ओबीसी का रिजर्वेशन कटा. उसके बाद कर्नाटक में उन्होंने रातों-रात बिना किसी सर्वे, पिछड़ापन तय किए बगैर सारे मुसलमानों को ओबीसी कैटेगरी में डालकर उनके लिए 4 प्रतिशत का कोटा रिजर्व कर दिया, इससे भी पिछड़ा वर्ग का रिजर्वेशन कटा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा कि असम, बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड आदि सभी राज्यों में हमे बहुत बड़ी चुनावी सफलता मिल रही है। इसके साथ-साथ दक्षिण भारत में भी भाजपा को बहुत अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। कुछ दिन से कांग्रेस ने हमारे 400 पार के लक्ष्य को ट्वीस्ट करना शुरू किया है। वो अपप्रचार कर रहे हैं कि भाजपा 400 पार करने के बाद संविधान बदल देगी और आरक्षण को समाप्त कर देगी। ये दोनों चीजें निराधार और तथ्यहीन है।

## स्कूलों में छुट्टियां लगते ही ट्रेनों में बड़ी यात्रियों की भीड़

एजेंसी। प्रयागराज

• रेल प्रशासन ने दिल्ली, मुंबई, पटना के लिए चलाईं स्पेशल ट्रेन



कई स्कूलों में छुट्टियां हो गई हैं तो कई स्कूलों में होने होने वाली यानी समर विकेशन के आने से पहले ही लोग अपने बच्चों को छुट्टियों में घुमाने का प्लान करते हैं कोई नाना-नाना तो कोई हिल्स स्टेशन पर जाना पसंद करता है। इसके चलते लोग पहले से ही टिकट बुक करा लेते हैं ताकि आने जाने में कोई परेशान का सामना ना करना पड़े। स्कूल की छुट्टियां पड़ते ही ट्रेनों में भीड़ नजर आने लगी है। ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने आनंद विहार, मुम्बई, पटना, भागलपुर के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। फिलहाल ट्रेनों का एक-एक फेरा लगाया जा रहा है। ट्रेन नंबर 03639 गया से आनंद विहार जाएगी जो एक मई की रात 12:40 बजे प्रयागराज जंक्शन पर पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 03640 आनंद विहार-गया स्पेशल एक मई की रात 8:30 बजे, ट्रेन नंबर 03653 गया-आनंद विहार स्पेशल 2 मई की रात 12:40 बजे, ट्रेन नंबर आनंद विहार-गया स्पेशल दो मई की रात 8:30 बजे, ट्रेन नंबर 09040 जयनगर से उज्जैन समर स्पेशल मंगलवार सुबह 7 बजे, ट्रेन नंबर 09093 मुंबई सेंट्रल से पटना समर स्पेशल एक मई की रात 3:45 बजे, ट्रेन नंबर 09094 पटना से मुंबई सेंट्रल समर स्पेशल दो मई की रात 8:55 बजे प्रयागराज जंक्शन पर मिलेगी। ट्रेन नंबर 09002 जयनगर से उधना एक्सप्रेस मंगलवार रात 9:05, ट्रेन नंबर 09067 उधना से भागलपुर मंगलवार रात 8:25 जंक्शन आएगी। पंजाब के शंभू स्टेशन पर 13 दिनों से किसान आंदोलन ट्रेनों की रफ्तार में अवरोध बना हुआ है। डायवर्ट रुट से ट्रेनों को चलाया जा रहा है। किसान आंदोलन के चलते सोमवार को कई ट्रेनों को रेल प्रशासन उनके तय मार्ग बदलकर नए मार्ग से चला रहा है। ट्रेनें डायवर्ट होने से देरी से पहुंचीं। (12332) हिमगिरी एक्सप्रेस 11:20 घंटा, (12356) अर्चना एक्सप्रेस 4:08 घंटा, (13006) पंजाब मेल 2.:15 घंटा, (13152) सियालदह एक्सप्रेस 6:47 घंटा, (22423) अमृतसर-गोरखपुर सुपरफास्ट 5:29 घंटा, (13308) गंगा सतलुज एक्सप्रेस 17:14 घंटा, (14674) शहीद एक्सप्रेस 3:15 घंटा, (14649) सरयू यमुना एक्सप्रेस 2:06 घंटा देरी से पहुंची। किसान आंदोलन के चलते 20 ट्रेनें प्रभावित रहीं। बरेली के किशनगंज यार्ड में री-मॉडलिंग, प्री-नॉन इंटरलॉक होगा। 7 व 8 मई को यार्ड री-मॉडलिंग कार्य, 6 मई को प्री-नॉन इंटरलॉकिंग व अलुआबारी स्टेशन पर लूप लाइन के प्रावधान को 7 एवं 8 मई को इंटरलॉकिंग कार्य को ब्लॉक लिया जाएगा। कुछ शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन एवं आंशिक निरस्तीकरण होंगी।

## ....तो मुसलमानों आपका हाल पुराने समय जैसा हो जाएगा

• चुनावी सभा में बिहार सीएम नीतीश कुमार ने की अपील



**अररिया**। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने चुनाव प्रचार के दौरान मुस्लिमों से अपील करते हुए कहा कि मतदान करते समय मुस्लिम समाज ये सब याद रखे कि वह अगर हम लोगों को खत्म कर देंगे तो आपका हाल पुराने समय जैसा हो जाएगा। आपको कोई देखेगा नहीं। सिर्फ झंझट होगा। कोई इंतजाम नहीं होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुस्लिम समाज से वोट मांगते हुए कहा कि पहले मदरसों को मान्यता नहीं थी, हमने उन्हें मान्यता दी। जो मदरसों में पढ़ाते हैं, हमने उनको सरकारी स्तर पर मानदेय देना शुरू किया। इस दौरान उन्होंने किसी भी नाम लिए बगैर कहा कि पुरानी सरकारों के कार्यकाल में उनकी स्थिति का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले कब्रिस्तान को लेकर झगड़े होते रहते थे। हमने उन्हें चिन्हित किया और कब्रिस्तानों की घेराबंदी करवाई। उन्होंने कहा कि हमने मुसलमानों की समस्या का समाधान किया है। इससे पहले नीतीश कुमार ने मुसलमानों को संदेश देते हुए कहा था कि हम मुसलमानों को याद करा देना चाहते हैं कि 2005 से पहले जब हम नहीं थे, तब झगड़ा होते रहते थे। ये लोग हिंदू और मुस्लिम को आपस में लड़वा थे। कभी कुछ करता था तो कभी कुछ, लेकिन जब हम सत्ता में आए तो झगड़ा को एकदम खत्म कर दिया। सीएम नीतीश ने कहा था कि मेरे आने के बाद अब हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा एकदम से बंद हो गया है।

## प्रज्जवल रेवन्ना जेडी (एस) से निष्कासित



**नई दिल्ली**। कर्नाटक की हासन सीट से सांसद प्रज्जवल रेवन्ना को आज जनता दल (सेक्यूलर) से कथित 'यौन उत्पीड़न' मामले में निष्कासित कर दिया गया। कर्नाटक की क्षेत्रीय पार्टी की टिकट पर वे इसी सीट से चुनावी मैदान में भी हैं। 26 अप्रैल को सीट पर मतदान हुआ था, जिसके एक दिन पहले रेवन्ना के कुछ अश्लील वीडियो वायरल हुए थे। जेडीएस की कोर कमेटी की आज बैठक में यह निर्णय लिया। पार्टी नेता एचडी कुमार स्वामी ने पत्रकारों से बातचीत में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभी रेवन्ना पर कोई सीधा आरोप नहीं लगा है, केवल संदेह की स्थिति है। हालांकि संदेह के आधार पर ही पार्टी से उन्हें निष्कासित करने की सिफारिश की गई। इसे पार्टी अध्यक्ष एचडी देवगौड़ा ने स्वीकार कर लिया। प्रज्जवल रेवन्ना के वीडियो वायरल होने के बाद से ही तरह-तरह के आरोप सामने आ रहे हैं। विपक्ष विशेषकर कांग्रेस इसको लेकर पार्टी और उसकी सहयोगी भाजपा पर हमलावर है। महिला गरिमा के मुद्दे पर कांग्रेस और विपक्ष के नेता अपनी रैलियों में इसका मुद्दा उठा रहे हैं। मामले में रेवन्ना के खिलाफ पुलिस जांच जारी है। वे इससे पहले विदेश जा चुके हैं। जेडीएस ने उनसे मामले पर स्पष्टीकरण मांगा है।

## डीप फेक का इस्तेमाल कर रही कांग्रेस : अनुराग ठाकुर

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि झूठ बोलने में माहिर कांग्रेस अब डीप फेक वीडियो बना कर लोगों में भय और भ्रम फैला रही है। कांग्रेस के बड़े नेताओं का नाम इसमें आना लोकतंत्र के लिए शर्मनाक भी है और घातक भी है। मंगलवार को डीप फेक पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि "आम चुनाव से पहले भी हमें पता था कि विपक्ष अपनी निश्चित हार को देखते हुए झूठ, भय और भ्रम का सहारा जरूर लेगा। आज कांग्रेस का हर बड़ा नेता केवल झूठ के बदौलत अपना चुनाव प्रचार चला रहा है। झूठ बोलने से भी हार में बदलाव न होता देख अब यह लोग टेक्नोलॉजी और डीप फेक का उपयोग कर और ज्यादा भ्रम और भय फैला रहे हैं। चुनाव जीतने के लिए इंडी अलायंस के नेता सारे अनैतिक कार्य कर रहे हैं। ठाकुर ने आगे कहा कि राहुल गांधी कहीं से भी चुनाव लड़ें, उनकी हार निश्चित है लेकिन अपनी हार से बचने के लिए कांग्रेस झूठ, भय और भ्रम ना फैलाए। आरक्षण और संविधान के बारे में कांग्रेस द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम बिल्कुल निराधार और बेबुनियाद है। कांग्रेस जिन-जिन राज्यों में सरकार बनाती है, वहां एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण काट कर अपने वोटबैंक को देती है। कांग्रेस ने देश में इमरजेंसी लगाई। उन्होंने अब तक सबसे ज्यादा 62 बार संविधान संशोधन किए हैं, वहीं पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने एससी-एसटी और ओबीसी के सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत की है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा दिया। आज हमारी सभी योजनाओं के प्रमुख लाभार्थी एसटी, एससी और ओबीसी समुदाय के लोग हैं। एससी एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। लेकिन हमारे लिए एक और स्पष्ट बात यह भी है कि हम धर्म के आधार पर मुसलमानों के आरक्षण के सख्त खिलाफ हैं। कांग्रेस आज चुनाव से भागती नजर आ रही है। उसके कई बड़े नेता चुनाव नहीं लड़ना चाह रहे। कांग्रेस को कई सीटों पर उम्मीदवार तक खोजने में परेशानी हो रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा बंगाल सरकार को संदेशखली और शाहजहां शेख के मामले में एक पक्ष बनने के आग्रह पर फटकार लगाए जाने को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह ममता बनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा है।

### दिल्ली में लगे यासीन मलिक और मनमोहन सिंह के पोस्टर, कांग्रेस निशाने पर




**नई दिल्ली**। लोकसभा चुनाव के बीच दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक के साथ मनमोहन सिंह के पोस्टर लगाए गए हैं। दिल्ली में बीजेपी आईटी सेल ने इस पोस्टर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर कर दिया, जिसके बाद कांग्रेस एक बार फिर निशाने पर आ गई है। दिल्ली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर इस पोस्टर को हटा दिया है। बीजेपी ने जो पोस्टर पोस्ट किया है इसमें यासीन मलिक के साथ मनमोहन सिंह नजर आ रहे हैं और यासीन मलिक की रिहाई की मांग के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। दिल्ली में 25 मई को मतदान होना है। यह पोस्टर किसने लगवाए हैं, इस बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

### ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराएगी लग्जरी ट्रेन,28 जून शुरु होगी यात्रा

**नई दिल्ली**। आईआरसीटीसी की रामायण सर्किट यात्रा की सफलता के बाद 28 जून से देव दर्शन यात्रा के लिए सुपर लग्जरी एसी ट्रेन शुरू करने का निर्णय लिया गया है। लग्जरी ट्रेन में एसी-1 के कुपे व केबिन के साथ एसी-2 और एसी-3 श्रेणी के कोच होंगे। ट्रे में ऑनबोर्ड रेस्त्रां होगा। एसी-1 व एसी-2 के तीर्थ यात्री रेस्त्रां में बैठकर नश्ता, खाना, सुबह-शाम चाय-काफी का लुफ्त उठा सकेंगे। जबकि एसी-3 के शिवभक्तों को उनकी बर्थ पर खाना, चाय, नाश्ता आदि दिया जाएगा। भारतीय रेल वाराणसी स्थिति बाबा विश्वनाथ, काशी कॉरिडोर और गंगा आरती के दर्शन के लिए अगले माह से सुपर लग्जरी ट्रेन चलाने जा रही है। रेलवे देव दर्शन यात्रा में बद्रीनाथ, जोशीमठ, सहित देश के कई ज्योतिर्लिंग मंदिरों के दर्शन कराएगी। सुपर लग्जरी ट्रेन में रेस्त्रां महादेव भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। जहां शुद्ध व ताजा शकाहारी नश्ता, भोजन मिलेगा। सभी भक्तों का बीमा और ट्रेन में ऑनबोर्ड सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहेगा। आईआरसीटीसी के प्रवक्ता ने बताया कि ई-टिकट के पीएनआर में छह यात्री में से किसी एक यात्री की बर्थ कन्फर्म है और शेष पांच की वेटिंग टिकट होने के बावजूद सभी यात्रियों को रेल यात्री वैकिल्पक बीमा कवर दिया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### टीटीके ने बिहार के भागलपुर में नकली उत्पाद बेचने वालों पर कठोर कार्यवाही की

**भागलपुर**। भारत के अग्रणी किचन अप्लायंसेज ब्राण्ड टीटीके प्रेस्टीज लिमिटेड ने प्रेस्टीज के नकली उत्पाद बेचने वालों पर धावा बोला है। कंपनी की टीम ने पाया कि उसके ब्राण्ड नेम प्रेस्टीज के तहत नकली इलेक्ट्रिक आयरन बेचे जा रहे थे। फिर उन्होंने भागलपुर, बिहार में मेसर्स मनीष इलेक्ट्रिक के मालिक रोशन कुमार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की। बिहार पुलिस ने भागलपुर के जगदीशपुर इलाके में छापा मारकर ब्राण्ड नेम मेसर्स टीटीके प्रेस्टीज लिमिटेड वाले नकली आयरन के 75 पीसेस जब्त किये। बिहार के जगदीशपुर, भागलपुर पुलिस स्टेशन में कॉपीराइट अधिनियम 1957 की धारा 63, 65 के तहत एक एफआईआर (नंबर 115) भी की गई। मेसर्स मनीष इलेक्ट्रिक के मालिक रोशन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे प्रेस्टीज ब्राण्ड वाले उत्पाद खरीदते समय सावधानी रखें। नकली उत्पादों की बिक्री एवं वितरण से उपभोक्ताओं के भ्रमित होने की संभावना रहती है। उपभोक्ताओं को केवल भरोसेमंद प्लेटफॉर्म्स, अधिकृत डीलरों और ऑफिशियल प्रेस्टीज एक्सक्लूसिव स्टोर्स से ही खरीदारी करनी चाहिये। इस घटना की प्रतिक्रिया में टीटीके प्रेस्टीज के एक प्रवक्ता ने कहा, ''नकल एक गंभीर समस्या है, जिससे उपभोक्ता धोखा खा सकते हैं और कंपनी की प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है। कंपनी अपने उपभोक्ताओं को नकली उत्पादों से बचाने के लिये प्रतिबद्ध है और हम दोबारा ऐसा होने से रोकने के लिये कदम उठाएंगे।

### सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत निवारण शाखा मुख्यालय पटना ने गुप्त सूचना के आधार पर एक ट्रक से लगभग 68 लाख मूल्य का गाँजा किया ज़ब्त



**पटना**। सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत निवारण शाखा मुख्यालय पटना के अधिकारियों द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर ट्रक संख्या JH09AH5331 की तलाशी के दौरान बेतिया कस्टम्स सर्किल कार्यालय के समीप अवैध रूप से छिपाकर लाए जा रहे गांजा को ट्रक सहित मंगलवार (30.04.2024) को सीमा शुल्क के अधिकारियों ने जब्त किया। अनीश गुप्ता, अपर आयुक्त सीमा शुल्क निवारण मुख्यालय पटना को यह गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश-बिहार के बॉर्डर के रास्ते गांजे की एक बड़ी खेप को बिहार में प्रवेश कराने की योजना तस्करों द्वारा बनाई गई है। इस गुप्त सूचना के आधार पर अपर आयुक्त के निर्देश पर सीमा शुल्क निवारण मुख्यालय पटना और बेतिया कस्टम्स सर्किल के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई गई तथा इस टीम के अधिकारियों ने ट्रक संख्या JH09AH5331 को पीछा करते हुए लौरिया टोल प्लाजा के पास अवरोध करते हुए पकड़ लिया। ट्रक की सघन तलाशी के दौरान अधिकारियों ने पाया कि ड्राइवर के केबिन में गुप्त रूप से बने तहखाने में छिपाकर अवैध रूप से गांजा को ले जाया जा रहा था। जब्त किये गए गांजा का वजन लगभग 136 किलोग्राम है जिनका अनुमानित मूल्य 68 लाख 5 हजार के करीब है जबकि जब्त किए गए ट्रक का अनुमानित मूल्य 17 लाख 50 हजार है। इस तरह कुल जब्ती का अनुमानित मूल्य 85 लाख 55 हजार है। उपरोक्त गांजा को NDPS Act-1985 के प्रावधानों के तहत जब्त किया गया है। इस दौरान ड्राइवर और उसके सहयोगी से अधिकारियों ने कड़ाई से पूछताछ की और उनकी संलिप्तता स्वीकार करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। आगे की कार्रवाई और न्यायिक हिरासत के लिए सक्षम न्यायालय को अनुरोध किया गया है। कुछ समय पहले ही चुनाव आयोग के द्वारा पटना में आयोजित मीटिंग में यह दिशानिर्देश दिया गया था कि प्रतिबंधित पदार्थो के तस्करी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई को तीव्र गति प्रदान की जाए । पिछले कुछ समय से सीमा शुल्क आयुक्ततालय पटना के द्वारा तस्करी के खिलाफ सघन एवं व्यापक अभियान छेड़ा गया है और इसके फलस्वरूप तस्करी के अनेकों सामान जब्त किये गए हैं। अधिकारियों ने बताया की फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि उपरोक्त जब्त गांजे के अवैध रूप से परिचालन में कौन-कौन लोग शामिल हैं। ये सारी कार्रवाई डॉ यशोवर्धन पाठक, आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारण) पटना के मार्गदर्शन में पटना निवारण शाखा मुख्यालय के सहायक आयुक्त श्री प्रकाश सहाय के नेतृत्व में की गई जिसमें श्री दिलीप कुमार, सुबोध कुमार मिश्रा, मो० मुमताज सभी अधीक्षक तथा मनीष कुमार, निरीक्षक ने मुख्य भूमिका निभाई। आयुक्त ने बताया कि तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा और भी अधिक प्रबलता से इसका कार्यान्वयन किया जाएगा एवं इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक काम में भविष्य में भी बेहतर समन्यवय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सके ।

### सिमेज समूह ने किया बिहार के पहले हयुम्नायड को लॉन्च



**पटना**। सिमेज समूह के द्वारा बिहार के पहले हयुम्नायड (रोबोट) के अनावरण एवं उद्घाटन का कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव द्वारा रिमोट से स्वीच ऑन कर किया गया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. शंकर कुमार तथा जर्नलिज्म एन्ड मॉस कम्युनिकेशन की विभाग प्रमुख डॉ. मनीषा प्रकाश, सिमेज के निदेशक प्रो. नीरज अग्रवाल, निदेशिका मेघा अग्रवाल तथा डीन प्रो. नीरज पोद्दार के द्वारा पारंपरिक तरीके से द्वीप प्रजवल्लित कर संयुक्त रूप की गई। कार्यक्रम के दौरान हयुम्नायड (रोबोट) 'सुमेध' ने छात्रों के द्वारा किये गए कोडिंग के अनुसार विभिन्न कार्यों को संचालित कर सबके सामने अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। हयुम्नायड (रोबोट) 'सुमेध' ने अतिथियों के पास जाकर, उन्हें पहचान कर, उन्हें गुलाब का फूल भेंट किया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने कहा कि 'सिमेज के छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सिमेज के छात्रों में यह क्षमता दिख रही है कि ये छात्र सिमेज तथा विश्वविद्यालय का नाम देश ही नहीं विदेशों में भी रोशन कर सकते हैं। वहीं कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. शंकर कुमार तथा जर्नलिज्म एन्ड मॉस कम्युनिकेशन की विभाग प्रमुख डॉ. मनीषा प्रकाश भी सिमेज के छात्रों की प्रतिभा से प्रभावित दिखे तथा उन्होंने भी सिमेज के छात्रों की प्रतिभा की तारीफ की। इस अवसर पर सिमेज समूह के बी.सी.ए. के तृतीय वर्ष के छात्र अंशु भारती एवं विवेक कुमार ने अपने बनाये गए एजुकेशनल ऐप 'अटेंडेंस सिस्टम यूजिंग फेशियल रिकोग्निशन सिस्टम' का प्रदर्शन किया।

# महाराजगंज का चुनावी मन

नई सोच एक्सप्रेस



पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह जब आरजेडी में शामिल हो रहे थे तब उनके समर्थकों ने यह सवाल जरूर उनसे पूछा था कि ऐसी क्या मजबूरी है कि आप एक ऐसी पार्टी के साथ जा रहे हैं जिसके साथ संघर्ष करके आपकी राजनीतिक यात्रा शुरू हुई। तब उन्होंने कहा था कि आत्म सम्मान की लड़ाई हो तो बड़ा निर्णय लेना पड़ता है यह निर्णय 2013 में महाराजगंज में आरजेडी के उपचुनाव में जीत तथा 2014 में छपरा विधानसभा उपचुनाव में राजद की जीत के साथ काफी हद तक समर्थकों को अच्छा भी लगा जब प्रभु नाथ सिंह महाराजगंज से नीतीश कुमार के तमाम सियासी दाव के बावजूद जीत गए जबकि उनके बेटे रणधीर सिंह छपरा से चुनाव जीतने में सफल रहे। मोदी लहर में 2014 में प्रभु नाथ सिंह चुनाव हार गए जबकि 2015 में उनके बेटे रणधीर सिंह भी छपरा से चुनाव हार गए 2019 में रणधीर सिंह को राजद ने महाराजगंज से टिकट दिया मोदी लहर के बावजूद बिहार के गिनती के चार पांच सीटों पर राजद को सबसे ज्यादा वोट लाने वाले उम्मीदवारों में महाराजगंज भी शामिल था। 2020 के विधानसभा चुनाव में प्रभुनाथ सिंह के भाई केदारनाथ सिंह उनके गृह विधानसभा बनियापुर से जीत का हैट्रिक लगाने में सफल रहे जबकि बेटे रणधीर सिंह काफी कम अंतर से छपरा से विधानसभा का चुनाव हार गए। छपरा में रणधीर सिंह के पक्ष में जबरदस्त लहर थी पर चुनाव के वक्त ही तेजस्वी यादव का एक बयान बाबू साहब का सीना ऐसा सोशल मीडिया पर वायरल हुआ कि बाबू साहब लोगों को बुरा लग गया और इसका खामियाजा रणधीर सिंह को उठाना पड़ा। बाबूजी जिसके प्रभु नाथ सिंह का परिवार पूरी निष्ठा के साथ राजद के साथ लगा रहा रणधीर सिंह खुद लोकसभा का चुनाव हारने के बाद महाराजगंज में सक्रिय रहे पर चुनाव की घोषणा के बाद जानबूझकर रणधीर सिंह को रास्ते से हटाने के लिए राजद ने यह सीट कांग्रेस को दे दी। छपरा के एक राजद विधायक इस पूरे स्क्रिप्ट के लेखक रहे। उनके नेतृत्व में प्रभु नाथ सिंह के परिवार से खार खाए विरोधियों का एक गुट बना। मीडिया रिपोर्ट पर अगर विश्वास करें तो यह कहा गया की अंतिम समय में रणधीर सिंह को दरकिनार करने के बाद राजपूत के अंदर एक बड़ी सहानुभूति होगी और जैसे ही रणधीर सिंह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे महाराजगंज में राजपूत उम्मीदवार भाजपा के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल का वोट कटेंगे और इसी में महागठबंधन का खेल हो जाएगा। पर 28 अप्रैल को मसरख में रणधीर सिंह के जन संवाद कार्यक्रम में जो भी राय उसने विरोधियों के इस समीकरण को पूरी तरह से झुठला दिया इस जन संवाद कार्यक्रम में राजपूतों के साथ ही मुसलमान व अन्य जातियों के समर्थकों की भीड़ नजर आई। मंच पर प्रभुनाथ सिंह के विधायक भाई केदारनाथ सिंह भतीजे युवराज सुधीर सिंह तथा महाराजगंज से निर्दलीय प्रत्याशी रणधीर सिंह के साथ ही साथ सभी समाज और वर्ग के लोगों को स्थान दिया गया इस कार्यक्रम में भीड़ ने एक सुर से रणधीर सिंह को चुनाव लड़ने का समर्थन किया। हालांकि वहां पर एक कमेटी का गठन किया गया जो 4 में तक अपनी रिपोर्ट देगी जिसमें पूरे लोकसभा के एक-एक पंचायत से समर्थकों के विचार एकत्रित किए जाएंगे की रणधीर सिंह को चुनाव लड़ना चाहिए कि नहीं पांचवें चरण के नामांकन के अंतिम दिन यानी 6 में को रणधीर सिंह लोगों का विचार पॉजिटिव आने के बाद नामांकन करेंगे। मसरख में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में सबसे बड़ा जो समीकरण नजर आया कि इसमें महाराजगंज के सभी 6 विधानसभा क्षेत्र से लोग स्वत पहुंचे थे जिसमें बुजुर्ग नौजवान के साथ ही साथ में कट्टर समर्थक भी थे जो प्रभुनाथ सिंह परिवार के राजद में चले जाने के बाद उनसे दूर हो गए थे वैसे तो सियासत में कोई किसी का मित्र या दुश्मन नहीं होता पर जो सियासत की स्क्रिप्ट महाराजगंज में लिखी जा रही है उसका परिणाम जरूर चौंकाने वाला होगा और जिसका इंतजार 4 जून तक सभी को करना होगा।

## मतदाता प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मोहिनी जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




नई सोच एक्सप्रेस

लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये मोहिनी जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा विश्वंभरपुर पंचायत के सोगरा अदलपुर कुण्डल गांव लगातार जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम में आज मोहिनी जीविका महिला ग्राम संगठन में जन जागरूकता रैली,शपथ कार्यक्रम,मेहंदी प्रतियोगिता एवं रंगोली के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान के लिये जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के बारे में बताते हुए बुक कीपर संजय कुमार सुमन द्वारा बताया गया कि जीविका दीदियों द्वारा सभी संगठन/समूह में जागरूकता कार्यक्रम पंचायत में प्रत्येक दिन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत गृह भर्मण,रंगोली,प्रभात फेरी,शपथ एवं मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से जीविका दीदियों को शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है जिससे बढ़ चढ़कर मतदान करे मौके CM रिंकी कुमारी, अध्यक्ष जागिया देवी, कोषाध्यक्ष संजू देवी एवं सैकड़ों जीविका दीदी उपस्थित थी।

# राष्ट्रीय जनता दल का थीम सोंग "अपना तेजस्वी" को राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज झा ने राज्य कार्यालय में जारी किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। आज राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय कर्पूरी सभागार में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा ने राष्ट्रीय जनता दल का थीम सोंग

**"अपना तेजस्वी " जारी किया जो निम्नलिखित हैं:**

चप्पा चप्पा गूँज उठा है
जन जन का विश्वास जगा है
जनता का रण यही लड़ा है
सुख दुःख में यही साथ खड़ा है
जो भी कहा सो कर के दिखाया
हर एक वादा पूरा निभाया
न्याय किया अधिकार दिलाया
परिवर्तन का अलख जगाया
अपना तेजस्वी, अपना तेजस्वी,
अपना तेजस्वी

इस अवसर पर प्रो मनोज झा ने थीम सॉन्ग जारी करने के बाद विस्तार से संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इसमें श्री तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार के 17 महीना के कार्यकाल में किए गए कार्यों की चर्चा तो है ही, साथ ही साथ बिहार विकास के लिए जनहित ,समाज हित और महिलाओं के हित किए गए कार्यों के साथ-साथ स्वास्थ्य व्यवस्था के सुधार के लिए , पर्यटन के क्षेत्र में बिहार को आगे बढ़ाने के अलावा 75% आरक्षण की व्यवस्था तथा जातीय गणना के माध्यम से लोगों के लिए जो कार्य तेजस्वी प्रसाद यादव ने अपने कार्यकाल में जो कार्य किए हैं, उस पर धन्यवाद दिया गया और उनके संकल्पों तथा कार्यों की भी बातें की गई है। प्रोफेसर मनोज झा ने आगे कहा कि बीजेपी नौकरी और जनहित के मुद्दों पर चुनाव में कोई चर्चा नहीं कर रही है, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव पर कुठाराघात किया जा रहा है ,और किस तरह से बिना चुनाव के ही भाजपा को जीतने के लिए सूरत और इंदौर में विपक्षी दलों के उम्मीदवारी को जबरन नामांकन वापस करवाया जा रहा है इस तरह के असंवैधानिक कार्यों को आज पूरा देश देख रहा है । भारत के संविधान और संवैधानिक व्यवस्था पर कुठाराघात किया जा रहा है और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए अपने हिसाब से भाजपा कार्य कर रही है यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है। जहां चंडीगढ़ के मेयर चुनाव पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने सच्चाई को लोगों के सामने लाकर स्पष्ट किया कि किस तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर किया जा रहा है। और आज सूरत और इंदौर के मामले पर भाजपा किस तरह से कार्य कर रही है । इस तरह के कृत्यों से लोकतंत्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का एक साजिश चल रहा है।इन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्रिक व्यवस्था को किस तरह से चलाया जा रहा है इस पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री चर्चा तक नहीं करते हैं ।और बिहार आकर वैसी बातें बोलते हैं जो जनता और जनता के हितों में नहीं होता है और अल बल बोलकर मुद्दों से ध्यान भटका देते हैं । इन्होंने कहा कि थाली और सौहार्द पर बीजेपी वोट क्यों नहीं मांगती है लोगों के हक और अधिकार देने के प्रति चिंतित क्यों नहीं है ।मनरेगा में मानदेय और मजदूरी बढ़ाने पर चर्चा क्यों नहीं की जा रही है । महिलाओं के सम्मान के प्रति भाजपा की क्या सोच है यह कर्नाटक में भाजपा के सहयोगी पार्टी के नेता के पोते के मामले पर भाजपा खामोशी से दिख रहा है। और इस पर प्रधानमंत्री चर्चा नहीं करते हैं की महिलाओं के सम्मान के साथ किस तरह से खिलवाड़ हो रहा है । इन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र की संवैधानिक परंपराओं और मान्यताओं पर भगोड़ा प्रवृत्ति के माध्यम से हमला हो रहा है जबकि संविधान में आम लोगों की जिंदगी ,जन सरोकार ,लोगों के अधिकार और हक देने की बात बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान के किताब से ही मिलती है लेकिन आज इसका किस तरह से इसका हनन किया जा रहा है यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है। हर मामलों पर प्रधानमंत्री जी लोगों को बरगलाने और झूठ परोसने का काम करते हैं। प्रधानमंत्री जी अपने 10 वर्षों के कार्यकाल पर कोई चर्चा नहीं करते हैं,लेकिन विपक्षी पार्टी के घोषणा पत्र को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत कर रहे हैं यह किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। मोदी जी 2014और 2019 में भाजपा ने जो देश की जनता से वादे किए थे उसको पूरा करने की जगह आपने बरगलाने का काम किया। हर के खाते में 15 लाख डालने की बात की थी, हर साल 2 करोड़ नौकरी की बातें की थी, महंगाई कम करने और महिलाओं के सम्मान की बात भी कही थी, लेकिन उन सब बातों को आप भुलावें में क्यों रखे हुए हैं । देश की जनता सब देख रही है और जनता आपसे जवाब चाहती है ।आप जवाब देने की जगह अनर्गल बातें कर रहे हैं। इन्होंने कहा कि देश ने व्यक्ति प्रेम की राजनीति को 10 सालों से देखा है और उस व्यक्ति के सामने भाजपा के नेता मुंह तक नहीं खोलते हैं ,जो लोकतंत्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रहे हैं, जबकि सबको पता है कि लोकतंत्र में सामूहिकता और सब की सहमति आवश्यक होती है जो देखी नहीं जा रही है। इस अवसर पर संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ,मृत्युंजय तिवारी, अरुण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र चंद्रवंशी भी उपस्थित थे।

## प्रेम यूथ फाउंडेशन ने लगाया चौपाल

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना** - प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। चौपाल कार्यक्रम का आयोजन गोविंदपुर में किया गया ।फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने मतदाताओं से अपील किया है कि अपना मत स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को ही दे । अपराधी छवि एवं भरस्टाचार में लिप्त उम्मीदवार का बहिष्कार करें। आप अपना मत उसे दे जिसे आप जानते एवं पहचानते हो,जो आपके सुख दुख में हाथ बटाता हो , जो सभी जाति और धर्म का सम्मान करता हो, जो अपराध एवं भरस्टाचार में लिप्त न हो, जो कमीशन खोर न हो, जो सरकारी कार्यो को ईमानदारी से कराने की क्षमता रखता हो,जो नशा सेवन नही करता हो, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझता हो । आप अपना मत बिना किसी भय, दवाव,लालच के करे । लोकतंत्र के इस महापर्व में आपका वोट ही आपकी ताकत है । जब हम करेगे शतप्रतिशत मतदान तब बनेगा भारत देश महान । उन्होंने लोगो से आह्वान किया कि वोट से चोट करे । वही राजदीप ने मतदाताओं से आह्वान किया कि शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक करें । पहले मतदान करें फिर खान पान करे ।अभियान में रोहित कुमार,विकाश कुमार, हिमांशु शर्मा समेत दर्जनों फाउंडेशन के स्वयंसेवक मौजूद रहे ।

## भाजपा नेताओं में झूठ बोलने और उनके सहयोगी दलों में जी-हजूरी करने की होड़

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि अभी भाजपा नेताओं में इस बात की होड़ लगी हुई है कि कौन कितना ज्यादा झूठ बोल सकता है। वहीं उसके सहयोगी दलों के नेताओं में इस बात की होड़ लगी हुई है कि कौन कितना अधिक जी-हजूरी कर सकता है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि राजद के परिवर्तन पत्र और कोंग्रेस के न्याय पत्र में जिस जनहित के मुद्दों को प्रमुखता दी गई है वह उन्हें पच नहीं रहा है। जनता के बीच जाने का उनके पास अब कोई विकल्प हीं नहीं बचा है। इसलिए जनता का विश्वास और भरोसा खो चुकी भाजपा के नेता तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर लोगों को भ्रमित करने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा को अपने दस वर्षों की नाकारात्मक उपलब्धियों पर बोलने की हिम्मत नहीं हो रही है तो विपक्षी दलों के बारे में झूठे एवं आधारहीन तथ्यों के आधार पर लोगों को बरगलाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं उनके सहयोगी दल भी अपने अस्तित्व को भाजपा के हाथों गिरवी रख कर न केवल जी-हजूरी में लगे हुए हैं बल्कि वे भी झूठ पर झूठ बोलने के दौर में आगे आने की बेचैनी दिखा रहे हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि पिछले दो चरणों में सम्पन्न हुए मतदान में बिहार के मतदाताओं ने जिस प्रकार भाजपा और उसके सहयोगियों को खारिज कर दिया है उससे उनकी तिलमिलाहट काफी बढ़ गई है जिसकी प्रतिक्रिया में वे अनाप-शनाप बोलने लगे हैं। और यही वजह है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर बिहार में उनके शीर्ष सहयोगी भी तेजस्वी जी द्वारा उठाए गए सवालों का जबाब देने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। और अनर्गल बातों से लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से धमकी दे रहे हैं।

## रोटरी वसुंधरा ने चलाया इको फ्रेंडली अभियान

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। रोटरी वसुंधरा ने इको फ्रेंडली ड्राई लीफ मैनेजमेंट का अभियान बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी स्थित भूतनाथ रोड में चलाया । रोटरी 3250 की जिला पाल नॉमिनी रोटेरियन नम्रता नाथ ने इस अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत पटना नगर निगम वार्ड नंबर 46 की वार्ड पार्षद पूनम देवी उनके पति सनोज कुमार सहित वार्ड के नगर निगम कर्मचारियों को अंगस्ट्रोम देकर सम्मानित किया गया क्लब के अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया की शहरों में वसंत ऋतु में सूखे पत्ते सर्वत्र बिखरे हुए रहते हैं ।यह पत्ते या तो जला दिए जाते हैं या फिर नगर निगम के द्वारा एकत्र कर इन्हें एकत्र कर कूड़े के ढेर पर पहुंचा दिया जाता है। यदि इनसे बच जाते हैं तो सड़कों पर गाड़ियों के द्वारा यह धूल में तब्दील हो जाते हैं जो की जीवित प्राणी के फेफड़ों को को रोग ग्रस्त बनाने के लिए अहम भूमिका अदा करता है। इस अवसर पर रोटरी 3250 के जिला पाल नॉमिनी रोटेरियन नम्रता नाथ ने रोटरी वसुंधरा के द्वारा सूखे पत्ते को व्यवस्थित करने के लिए किए जा रहे प्रयास की पहल की सराहना की और भविष्य में इसे बड़े पैमाने पर करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस मौके पर सूखे पत्ते संग्रह करने में सहयोग करने वाले वार्ड नंबर 46 के मजदूर सुपरवाइजर वार्ड इंस्पेक्टर एवं वार्ड पार्षद को सम्मानित किया गया इसका इस कार्यक्रम में डॉक्टर इंद्रजीत कुमार ने आगत अतिथियों का स्वागत किया कार्यक्रम कार्यक्रम के सफल संचालन में चार्टर्ड अकाउंटेंट रोटेरियन श्याम बाबू शर्माएवं सतीश कुमार की सक्रिय भागीदारी रही। इस मौके पर रोटरी कम्युनिटी कॉर्प्स के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह एलियस श्याम नाथ सिंह, शैलेश कुमार एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। सभी उपस्थित लोगों ने सुख पत्ता को व्यवस्थित उपयोग के लिए संकल्प लिया।

## पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं के कपड़ों पर दिए जा रहे आपतिजनक बयान पर पलटवार

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी निरंतर महिलाओं की अस्मिता और गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले आपत्तिजनक बयान क्यों दे रहे है? नीतीश जी, किसी के कपड़ो में झांकने से बेहतर होता कि आप बिहारवासियों की दुख, तकलीफ और परेशानियों को देखते। सदन हो, चाहे सड़क हो, चाहे चुनावी मंच हो मुख्यमंत्री सब काम धाम छोड़ कर महिलाएं क्या करती है? क्यों करती है? क्या खाती है? क्या ओढ़ती पहनती है? बच्चे क्यों पैदा करती है? बस इन्हीं सब फालतू बातों में लगे रहते है। बताइए, कह रहे है कि इनके आने से पहले आपके घर की महिलाएं, बहन-बेटियां कपड़े ही नहीं पहनती थी? मुख्यमंत्री जी, यह क्या-क्या कुतर्क गढ़ रहे है? राजनीतिक विरोध करना है तो तर्क और तथ्यों से करिए ना की जब मर्जी अपनी तंग सोच और जुबान से महिलाओं की अस्मिता को ठेस पहुंचायें। आप जिम्मेवार पद पर है थोड़ा जिम्मेवारी और मर्यादा का ख्याल रखिए।

# संक्षिप्त समाचार

## महागठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनाव अभियान समिति बनाई गई

**राजापाकर**। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी शिवचंद्र राम के हाजीपुर लोकसभा से नामांकन दाखिल करने के बाद राजद- कांग्रेस, माले, वीआईपी समेत गठबंधन के सभी दलों के राजापाकर प्रखंड कमेटी ने जीत के लिए कमर कस ली है। राजद प्रखंड अध्यक्ष कैलाश राय की अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की एक चुनाव अभियान समिति बनाई गई है। समिति को अंतिम रुप देने में भाकपा माले के वरीय नेता सुमन कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक शर्मा उर्फ गोलू, वीआईपी के प्रखंड अध्यक्ष सुनील सहनी, राजद महिला सेल के अध्यक्षा ममता कुमारी, युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुशवाहा, वरीय राजद नेता तपसी प्रसाद सिंह, मो कमरे आलम, पवन यादव, गुड्डू राय, राजेश राम, तुलसी कुमार, लक्ष्मण यादव, संजय सिंह, पवन दास, मो शराफत, शिवरंजन उर्फ सकल पटेल, वार्ड सदस्य लक्ष्मण पटेल आदि का प्रमुख योगदान रहा है। राजद प्रखंड मीडिया प्रभारी सुबोध पटेल ने बताया इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं का सामंजस्य के साथ एक चुनाव अभियान समिति बनाया गया है जो हाजीपुर के प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम को राजापाकर प्रखंड से जीताने के लिए सजग है। कमेटी में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। चुनाव अभियान समिति पंचायतवार दौरा करके अपने गठबंधन और अपने उम्मीदवार के मिशन और विजन को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

## महाप्रबंधक ने गया सहित अन्य स्टेशनों का किया निरीक्षण यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का किया मुआयना



**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा आज विभिन्न स्टेशनों का गहन निरीक्षण कर यात्री सुविधा एव संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया गया। महाप्रबंधक द्वारा सर्वप्रथम गया स्टेशन का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने गया स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, बुकिंग/रिजर्वेशन काऊन्टर, प्लेटफॉर्म, डिस्प्ले बोर्ड, कैटरिंग स्टॉल, पैदल ऊपरगामी पुल, पैनल रूम सहित यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। महाप्रबंधक द्वारा यहां जारी रेल विकास से जुड़े विभिन्न निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया गया। इसी क्रम में महाप्रबंधक द्वारा धनबाद मंडल के हजारीबाग टाउन स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक ने यहां पैनल रूम, साफ-सफाई सहित यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। महाप्रबंधक द्वारा बानाडाग कोल साइडिंग का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यालय से प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण (दक्षिण) एवं अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा भी निरीक्षण में उपस्थित रहे।

## आ गया चुनाव, नेता घूमे शहर गांव

### सूत्रधार के कलाकारों ने वोट डालने के लिए किया जागरूक



**खगौल**। सांस्कृतिक संस्था सूत्रधार द्वारा मंगलवार को मतदाता जागरूकता को मद्देनजर रखते हुए नुक्कड़ अभियान के तहत पहले दिन खगौल के विभिन्न चौक चौराहों पर यथा मोती चौक, दानापुर आरक्षण कार्यालय के समीप नुक्कड़ नाटक "वोट का महत्व" का प्रदर्शन किया गया। नवाब आलम द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक में दर्शाया गया कि 5 साल जनता को भूले रहने वाले नेताजी चुनाव आते ही जनता को बहलाने फुसलाने में लग जाते हैं।वोट पाने के लिए नेता तरह-तरह के तिकड़म करता है। जनकल्याण और विकास के मुद्दे पर अपनी नाकामी छुपाने के लिए जनता को भावनात्मक मुद्दों में उलझाते हैं। नाटक में दिखाया गया कि सामाजिक समरसता के ताने बाने को छिन्न-भिन्न कर लोगों को आपस में लड़ाने, भय और अविश्वास का वातावरण बनाने की कोशिश करते हैं। ताकि लोग मूल समस्याओं से भटक जाएं, सत्ता की नाकामियां न देखे, नेता के बनावटी मुद्दे में उलझ कर रह जाएं। नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया कि किसी के बहकावे में ना आएं, अपनी मर्जी से सोच समझ कर मतदान करें, अपना फर्ज निभाएं, वोट देने जरूर जाएं। कलाकारों में राजेश कुमार, गुलशन पांडे,मोती राम, सुदीश कुमार,विकास कुमार अंजली कुमारी,जागृति आनंद, नंदलाल मिश्र ने दर्शकों को प्रभावित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में संस्था के महासचिव नवाब आलम ने कहा कि वोट मूल्यवान है और सब काम छोड़ कर पहले मतदान करें। खगौल नगर परिषद के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने सूत्रधार के इस प्रयास की सराहना करते हुए लोगों को लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने की अपील की।साहित्यकार प्रसिद्ध यादव ने वोट के महत्व और ताकत को समझाते हुए कहा कि आपके एक वोट का बहुत महत्व है। सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिंस ने लोगों को उत्साह के साथ वोट देने की बात की। पत्रकार अशोक कुणाल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पहले मतदान फिर जलपान की बात कही। मौके पर नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार, वार्ड पार्षद पिंटू कुमार,प्रसून कुमार, रूपेश कुमार,शिक्षक तपेश्वर सिंह,अशोक कुमार कुणाल,मोनू बॉस,मनीष कुमार सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

# शिक्षक की मौत पर शिक्षक संघ आक्रोशित

**ग्रीष्मावकाश सहित सभी अवकाश देने, स्कूलों को ग्रीष्मकाल में प्रातःकालीन करने, शिक्षकों को प्रतिदिन वीडियो कांफ्रेंसिंग आदि गैर शैक्षिक कामों से मुक्त रखने की मांग**

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।मुजफ्फरपुर जिला के महावीर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मटिहानी के शिक्षक डॉ. अविनाश कुमार अमर की स्कूल से घर लौटने के दरम्यान लू लगने के कारण असामयिक मृत्यु हो गयी। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रघुवंश प्रसाद सिंह एवं महासचिव व पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने एक संयुक्त प्रेस बयान में कहा है कि सरकार और शिक्षा विभाग की संवेदनहीनता से शिक्षक और बच्चे मर रहे हैं। शिक्षकों के प्रति सरकार और शिक्षा विभाग का रवैया निर्मम है। ग्रीष्मावकाश में शिक्षकों और



बच्चों को स्कूल आने पर विवश किया गया है। राजपत्रित अवकाश के दिनों में भी शिक्षकों से काम लिया जाना अव्यवहारिक और अन्यायपूर्ण है। श्री सिंह ने कहा है कि एक तरफ सरकार भीषण लू का हाई अलर्ट जारी करती है और दूसरी तरफ शिक्षकों और मासूम बच्चों को दोपहरी की भीषण आग में झोंक भी रही है। राज्य भर से शिक्षक और बच्चों की लू लगने से तबियत बिगड़ने की खबरें आ रही हैं। कई शिक्षक की मृत्यु भी हो चुकी है। सरकार या शिक्षा विभाग शिक्षक और बच्चों पर इस तरह की जानलेवा कार्रवाई कर कोई भी सार्थक परिणाम हासिल नहीं कर सकता है। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता द्वय ने कहा कि सरकार यदि शिक्षकों और बच्चों के प्रति थोड़ी-सी भी संवेदनशील है तो ग्रीष्मावकाश सहित सभी अवकाशों में शिक्षकों की छुट्टियों का समायोजन करे। गर्मियों में विद्यालय को प्रातःकालीन करे, शिक्षक और बच्चों को प्रताड़ित करना बंद करे एवं शिक्षकों की लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करे। प्रधानाध्यपक को हर रोज बेवजह दूसरे विद्यालयों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जाने की बाध्यता खत्म हो। उन्होंने बताया कि बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ दिवंगत शिक्षक डॉ. अविनाश कुमार अमर की असामयिक मौत से मर्माहत है। इस दुःख की घड़ी में शिक्षक संघ उनके परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने सरकार से कर्तव्यपथ पर शहीद शिक्षक की आश्रिता के लिए यथाशीघ्र पचास लाख रुपये की सहायता राशि एवं सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

## कांग्रेस दिग्भ्रमित कर झूठ का डर फैला रहा है

नई सोच एक्सप्रेस

**फतुहा**। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि जबतक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह , चिराग पासवान सहित एक- एक कार्यकर्ता जिंदा है संविधान और आरक्षण का कोई खतरा नहीं है। खतरा तो है कांग्रेस के आने पर है, कांग्रेस के आने पर आपका निजी संपत्ति पर कब्जा का खतरा है।इन लोगों खतरनाक प्लानिंग है जब किसी को मृत्यु होगी तो वह सम्पत्ति बच्चों की नहीं होगी। उसमें 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार का हो जाएगी। जमीन जायदाद हड़पने के साथ प्रधानमंत्री की कल्याणकारी योजनाएं फ्री राशन, उज्ज्वला, शौचालय आदि सब बंद हो जाएगी। वहीं कांग्रेस है कोर्ट खिलाफ में आदेश दिया तो देश में आपातकाल लागू कर लाखों लोगों को जेल में बंद कर दिया। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने



• **जब तक मोदी,शाह, चिराग जिंदा है संविधान आरक्षण का खतरा नहीं**

समय 8 बार राष्ट्रपति शासन लागू किया था तथा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने काल में 50 बार राष्ट्रपति शासन लागू किया। ऐसे लोगों से सावधान रहने कि आवश्यकता है कि इस बार 400 पार वोट से जीत दर्ज करवाना है।

## फसलों के बेहतर उत्पादन में चंबल फर्टिलाइजर एवं केमिकल का प्रयोग लाभकारी



नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर**। प्रखंड के बरियारपुर बुजुर्ग गांव स्थित हैप्पी खाद बीज भंडार के परिसर में चंबल फर्टिलाइजर एवं केमिकल लिमिटेड द्वारा फसल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने फसल की अच्छी पैदावार होने में चंबल फर्टिलाइजर एवं केमिकल के उपयोग पर बल दिया गया। खासकर धान की फसल एवं इसके अधिक उत्पादन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कहा गया कि चंबल फर्टिलाइजर एवं केमिकल के प्रयोग से फसलों के उत्पादन में अच्छी खासी वृद्धि होती है। किसान भाईयों को इसका प्रयोग अवश्य करना चाहिए। केमिकल से फसलों की कीट आदि से सुरक्षा होती है। वक्ताओं में डीजीएम डॉक्टर आर के सिंह, आर एम प्रकाश पोद्दार, डी एम एम राघवेंद्र पाठक, यू के एस प्रतीक निराला एवं केवीके वैज्ञानिक सुप्रिया जी ने अपने-अपने विचार प्रकट किए। उपस्थित किसानों में श्रीराम सिंह, रंजीत प्रसाद सिंह, दीपक चौहान, संजय सिंह, प्रभु दयाल दीपू सिंह, सुधीर सिंह आदि शामिल थे।

## विधायक प्रतिमा कुमारी ने महागठबंधन के प्रत्याशी शिवचंद्र राम की जीत सुनिश्चित करने की अपील की

नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर**। हाजीपुर सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी शिवचंद्र राम के नामांकन कार्यक्रम सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजापाकर विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन के कार्यकर्ताओं को विधायक प्रतिमा कुमारी एवं युवा राजद के अनुमंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि राजीव रंजन उर्फ पंकज यादव ने आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है और कहा कि कार्यकर्ताओं की भीड़ एवं मनोबल उत्साह दर्शा रहा है कि हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में महागठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। वही महागठबंधन कार्यकर्ताओं का आह्वान किया गया की पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में विधानसभा क्षेत्र के पंचायत टोलों चौक चौराहे पर प्रचार प्रसार कर पार्टी प्रत्याशी जीत सुनिश्चित करने में मदद करें।

## 24 घंटे के अष्टयाम यज्ञ का शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर**। प्रखंड की बेरई पंचायत के मटियारा गांव स्थित मां भगवती मंदिर के परिसर में 24 घंटे का अष्टयाम यज्ञ समाज में शांति समृद्धि के लिए शुरू हुआ।जानकारी के अनुसार मटियारा गांव स्थित मां भगवती मंदिर के परिसर में 24 घंटे के अष्टयाम यज्ञ का शुभारंभ हुआ। जहां काली दुर्गे राधे श्याम गौड़ी शंकर सीता राम के धुन से शुरू हुआ।जिसमें गांववासियों सहित क्षेत्र में काफी उत्साह देखा गया। अष्टयाम यज्ञ गांववासियों के सहयोग से शुरू हुआ। अष्टयाम यज्ञ से पूरे गांव सहित क्षेत्र भक्तिमय गीतों से गुंजायमान हो गया। आचार्य रामनायण तिवारी,सुनील पाठक,नंदन झा सहित अनेक आचार्यों ने मंत्रोचारण के साथ अष्टयाम यज्ञ शुरू कराया। आस पास के क्षेत्र भक्तिमय वातावरण



में तब्दील हो गया है।अष्टयाम यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि यज्ञ समाप्ति के दूसरे दिन रात्रि वेला में वैशाली जिले के व्यास उपेन्द्र सिंह एवं उनकी टीम द्वारा विवाह कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अष्टयाम यज्ञ में मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष कुणाल कुमार,नवीन कुमार सिंह, सरपंच सतीश कुमार सिंह,पूर्व मुखिया वीरेन्द्र कुमार सिंह,विश्वनाथ सिंह, उर्फ प्रमुख साहब,अंजनी कुमार सिंह,बबलू कुमार सिंह,रमेश कुमार सिंह,अजीत कुमार सिंह, सहित समस्त गांववासी सहयोग कर रहे हैं।

## भाजपा भारत के लोकतंत्र के नए अंग्रेज हैं - सुधाकर सिंह

नई सोच एक्सप्रेस

**बक्सर**। बक्सर लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों के प्रत्याशियों द्वारा जनसंपर्क यात्रा लगातार चलाए जा रहा है इस दौरान बक्सर लोकसभा के राजद प्रत्याशी सुधाकर सिंह भी जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर रामगढ़ विधानसभा के दुर्गावती पहुंचे जहां मंच से संबोधित करते हुए नीतीश कुमार और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। बक्सर की भूमि कोई साधारण भूमि नहीं यहां 24 साल से लोकसभा में लगातार



भागलपुर से और बाहर से आए हुए लोग सांसद बन रहे हैं और जब इसका विरोध इस इलाके के लोगों ने किया तो इस भारत के लोकतंत्र के नए अंग्रेज भारतीय जनता पार्टी ने पुनःगोपालगंज से प्रत्याशी भेजने का काम किया जिसका विरोध केवल यहां के मतदाता ही नहीं कर रहे हैं उनकी पार्टी के लोग भी कर रहे हैं यह शाहाबाद की ऐतिहासिक धरती जो भारत की राजनीति को दिशा देने वाले हजारों साल से विश्वामित्र की धरती से भगवान राम की शिक्षस्थली से इस देश में अन्याय के खिलाफ न्याय की लड़ाई का अगुवाई करने वाला यह इलाका खुद ही अन्याय का शिकार बनता जा रहा है,जिसके कारण आज तिल तिल आंसू बहा रहा है शाहाबाद।

## 44 डिग्री पहुंचा बिहार का तापमान, आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से की सावधान रहने की अपील

नई सोच एक्सप्रेस

SPC बिहार में गर्मी की तपिश की वजह से अधिकांश इलाके लू की चपेट में है. मौसम विभाग लगातार लोगों को अलर्ट जारी कर चेतावनी दे रहा है. बीते 24 घंटे में तापमान 44 डिग्री पहुंच चुका है, जिससे लोगों का जीना मुहाल है. विभाग के अनुसार आने वाले 2 मई तक भीषण गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं।

**कई जिलों में लू का ऑरेंज अलर्टः** मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान के तहत एक्स पर पोस्ट कर औरंगाबाद, दरभंगा, मोतिहारी, शेखपुरा, जमुई, बांका, गोपलागंज और खगड़िया जिले में कुछ स्थानों पर लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. वहीं, बाकी जिलों में गर्म दिवस को लेकर येलो अलर्ट जारी है. मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले 48 घंटों के दौरान दक्षिण बिहार के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। आईएमडी ने अगले तीन से चार दिन तक राज्य में लू की स्थिति बने रहने की संभावना जताई है. बिहार आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से सावधान और खुद का ख्याल रखने की बात कही है. कहा गया है कि दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलने की कोशिश करें, गर्मी से बचाव के लिए सूती और हल्के रंग के ढीले-ढाले कपड़े पहने, लोगों को गर्मी से बचने के लिए शरीर में पानी की कमी नहीं होने देनी है, इसलिए लगातार पानी और स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ का सेवन करते रहें।

## श्रमिक दिवस मनाएं हम



**रवींद्र कुमार रतन**

मेहनत कश मजदूरों आओ ,
अब हाथ से हाथ मिलायें हम।
समता का सूरज चमकाएं ,
मिल श्रमिकदिवसमनाएंहम।।

हिन्द हुआ स्वाधीन मगर क्यों,
निर्धनता घर-घर में फैली ?
महलों पर क्यों महल खड़े हो,
चादर क्यों कुटियों की मैली?

जला मशाल चलें जनपथ पर,
बाधा से मिल टकरायें हम ।
समता का सूरज चमकाएं,
मिल श्रमिकदिवसमनायेंहम।।

कब तक हम बेकार रहेंगे ,
कब तक यह लाचारी होगी?
कब तक भ्रश्टाचार रहेगा ,
कब पीड़ा चिन्गारी होगी ?

आँसू को तूफान बनाके ,
सुख की लहर उठायेंगे हम ।
समता का सूरज चमकाएं,
मिल श्रमिकदिवसमनायेंहम।।

ऊँच-नीच का भेद रहे क्यों ,
रहे धनी ना निर्धन कोई?
एक राष्ट्र हो एक चेतना ,
रहे न शोषक ,शासक कोई।

समता का पथआलोकित हो ,
अबसुख-दुखसाथनिभाएहम।
समता का सूरज चमकाएं ,
मिलश्रमिक दिवसमनायेंहम।।

कब जाति धर्म का भेद मिटे,
क्षेत्रवाद, भाषाइ भेद हटे ?
कब तक अखंड बने यह देश
कबतकस्नेहप्यार कापरिवेश?

श्रमिको को एक बनाके तब,
मजदूर दिवस मनाएं हम ।
समता का सूरज चमकाएं,
अब हाथ से हाथ मिलायेंहम?

## लोकसभा चुनाव के बीच शादी के कार्ड पर पीएम मोदी का नाम छपवाना पड़ा भारी : चुनाव आयोग ने ले लिया बड़ा एक्शन

नई सोच एक्सप्रेस

लोकसभा चुनाव के बीच शादी के कार्ड पर पीएम मोदी का नाम छपवाना एक दूल्हे को भारी पड़ गया। इसकी भनक लगते ही चुनाव आयोग की टीम दूल्हे के घर पहुंच गई। दूल्हे ने इसको लेकर लाख सफाई दी लेकिन चुनाव आयोग ने पुलिस में मामला दर्ज करा दिया और इसकी जांच शुरू कर दी गई है। दरअसल, पूरा मामला कर्नाटक के पुत्तुर तालुक में उप्पिनंगडी का है। जहां एक युवक ने अपनी शादी के कार्ड पर पीएम मोदी के नाम का इस्तेमाल किया था। दूल्हे ने शादी के कार्ड पर ऐसा टैग लाइन छपवाया था कि कर्नाटक की सियासत में इसको लेकर नई बहस छिड़ गई और आखिरकार चुनाव आयोग को एक्शन लेना पड़ा। इससके बाद दूल्हा और उसकी शादी विवादों के घेरे में आ गई है। जानकारी के मुताबिक बीते 18 अप्रैल को युवक की शादी हुई थी। युवक ने अपने शादी के कार्ड पर लिखवाया कि अगर आप नवदंपति को उपहार देना चाहते हैं तो सबसे बड़ा उपहार होगा मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री के रूप में चुनना। लोकसभा चुनाव के बीच शादी के कार्ड पर इस तरह की बात लिखने को चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना है। दूल्हे के एक रिश्तेदार ने ही चुनाव आयोग के पास शिकायत कर दी। जिसके बाद यह पूरा बवाल शुरू हो गया। चुनाव आयोग की टीम ने दूल्हे से पूछताछ की है। दूल्हे ने दलील दी है कि टैगलाइन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ और राष्ट्रहित के लिए लिखा गया है। हालांकि इस स्पष्टीकरण के बावजूद चुनाव आयोग ने उप्पिनंगडी थाने में 26 अप्रैल को लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

## जीबीएम कॉलेज में प्रधानाचार्य के सेवानिवृत्ति होने पर विदाई-सह-सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

**गया**। गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय में प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. जावैद अशरफ़ की सेवानिवृत्ति होने पर विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने प्रधानाचार्य प्रोफेसर अशरफ़ को सम्मान सहित पुष्पगुच्छ, सेवानिवृत्ति प्रशस्ति पत्र,अंगवस्त्र एवं स्मृति-उपहार आदि प्रदान किया गया। वहीं डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने सेवानिवृत्ति प्रशस्ति पत्र पढ़कर शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं समस्त महाविद्यालय की ओर से महाविद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य प्रो जावैद अशरफ़ के सुखद, स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्यारे माँझी ने किया। सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य प्रोफेसर अशरफ़ ने कॉलेज की तुलना एक रेलगाड़ी से करते हुए प्रधानाचार्य को इंजन तथा शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों को इंजन से संलग्न डब्बा ठहराया। उन्होंने टीम वर्क के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गौतम बुद्ध



महिला कॉलेज की शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक उपलब्धियों के पीछे उनके नेतृत्व में निष्ठापूर्वक कार्य कर रही पूरी टीम को श्रेय दिया। उन्होंने अपने शैक्षणिक, गैर-शैक्षणिक तथा प्रशासनिक अनुभवों की चर्चा करते हुए प्राप्त सहयोग और समर्थन हेतु पूरे महाविद्यालय परिवार के प्रति हार्दिक कृतज्ञता जताया। साथ ही, कॉलेज के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सेवानिवृत्ति उपरांत भी कॉलेज के हितार्थ यथोपयुक्त सहयोग देते रहने का आश्वासन दिया। आपको बताते चलें कि प्रोफेसर जावैद अशरफ़ की कार्यकाल 27 नवंबर 1990 ई. को एस.एम.एस.जी कॉलेज, शेरघाटी में मनोविज्ञान विभाग में लेक्चरर के रूप में योगदान दिया था। उसके बाद उन्होंने गया कॉलेज में भी लंबी अवधि तक अध्यापन-कार्य किया। उसके बाद गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय में प्रोफेसर अशरफ़ प्रधानाचार्य के पद पर दिनांक 01.03.2019 से लेकर दिनांक 30.04.2024 तक कार्यरत रहे। कार्यक्रम में कॉलेज के बर्सर डॉ सहदेव बाउरी, रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अफशां सुरैया, संगीत विभागाध्यक्ष डॉ नूतन कुमारी, नैक समन्वयक डॉ शगुफ्ता अंसारी, अंग्रेज़ी विभागाध्यक्ष डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ पूजा, डॉ कृति सिंह आनंद, डॉ रूही खातून, अध्यक्ष, शिक्षकेतर कर्मी, प्रो. अशरफ़ के पीएचडी शोध छात्र डॉ. पुरुषोत्तम विश्वकर्मा डॉ निर्मला कुमारी, डॉ जया चौधरी, डॉ पूजा राय, डॉ अमृता घोष, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ फरहीन वजीरी, डॉ बनीता कुमारी, प्रीति शेखर, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ सुरबाला कृष्णा, दरख्शां परवीन, डॉ दीपशिखा पांडे, शिक्षकेतर कर्मी सुनील कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद, अजय कुमार, विक्रम कुमार, अभिषेक कुमार, नीरज कुमार, रौशन कुमार, अभिषेक कुमार भोलू, राजेश कुमार, रेणु सिंह, संजू, विवेक, मीरा देवी, तनवीर अली, रंजीत आदि की उपस्थिति रही।

# दादा साहेब फाल्के की जयंती पर मुंगेर में अभिनेता राजन कुमार ने दी श्रद्धांजलि

नई सोच एक्सप्रेस

**मुंगेर।** भारतीय सिनेमा के जनक दादा साहेब फाल्के की जयंती पर हीरो राजन कुमार ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय सिनेमा के पितामह दादा साहेब फाल्के के जन्म दिवस के अवसर पर मुंगेर में बाफ्टा द्वारा एक विचार गोष्टी आयेजित की गई थी जहां चुनाव आयोग के आइकॉन राजन कुमार ने उस महान फिल्मकार को याद किया जिनकी बदौलत आज सैकड़ो करोड़ की इंडस्ट्री खड़ी है। बाफ्टा के साथी कलाकारों ने उन्हें याद करते हुए कहा कि राजा हरिश्चंद्र जैसी फ़िल्म माइलस्टोन का दर्जा रखती है। सिनेमा समाज का दर्पण है जिसका सीधा प्रभाव लोगों पर पड़ता है। फ़िल्म इंडस्ट्री इसलिए जीवित है क्योंकि जैसे




जिंदा रहने के लिए भोजन की आवश्यकता होती है उसी तरह मनोरंजन भी जरूरी होता है। लोग जब खुश रहेंगे, बेहतर महसूस करेंगे तभी वे अच्छा काम कर सकेंगे। फिल्मो के माध्यम से लोगों को बहुत सारी लेटेस्ट जानकारी विस्तार से मिल जाती है। दादा साहेब फाल्के ने उस समय बहुत सीमित संसाधनों में बेहतरीन सिनेमा बनाया। आज अच्छे कॉन्सेप्ट और प्रभावी कंटेंट वाली फिल्में बन रही हैं। मुंगेर में भी ढेर सारी फिल्मो, म्यूजिक वीडियो की शूटिंग हुई है। यहां गंगा नदी के साथ, कई झीलें, बंगला हैं खूबसूरत और मनोरम दृश्य हैं इसलिए शूटिंग के लिए यह बेहतरीन लोकेशन है। यही वजह है कि यहां हीरो राजन कुमार ने अपने कई अल्बम, शार्ट फ़िल्म और फिल्मो की शूटिंग यहां की है। मुंगेर में बाफ्टा जैसी संस्था है जो कलाकारो को तैयार कर रही है, उन्हें ट्रेनिंग दे रही है। दादा साहेब फाल्के ने जो महाराष्ट्र में सिनेमा का बिगुल बजाया था उसकी गूंज मुंगेर में भी सुनाई पड़ रही है। 30 अप्रैल 2021 को राजन कुमार के बहनोई राजेश कुमार स्वर्ग सिधारे थे। जब हीरो राजन कुमार एन्टी कोरोना अम्बेसडर के रूप में लोगों की जान बचाने में जुटे थे तभी उनके जीजा का निधन हो गया था। आज पटना में उनकी मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा हुआ। राजन कुमार अपनी बहन को हिम्मत देने पटना गए थे फिर पटना से मुंगेर पहुंचे और वहां दादा साहेब फाल्के पर आयोजित विचार गोष्ठी में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और सिनेमा के बदलते परिदृश्य पर अपने विचार रखे। हीरो राजन कुमार ने एक मई को होने वाले मजदूर दिवस और महाराष्ट्र दिवस की अग्रिम बधाई बाफ्टा टीम की ओर से दी है। मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में राजन कुमार कई मजदूरों को गमछा भेंट कर उन्हें सम्मानित करेंगे।

# जमुई में लौह और अयस्क का मिला भंडार

नई सोच एक्सप्रेस

**फतुहा।** भाजपा कार्यालय मां तारा उत्सव पैलेस गोविंदपुर फतुहा में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक में भाजपा मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि जमुई जिले के सिकंदरा प्रखंड अंतर्गत मंजोष और भट्ठा गांव में लौह अयस्क मिलने की पुष्टि हुई है। दोनों गांव में करीब 84 हेक्टर भूमि में 48 मिलियन लौह और अयस्क रहने का अनुमान है। जून माह के बाद निजी कंपनियों को खनन की स्वीकृति दी जाएगी। जल्द 84 हेक्टर भूमि का अधिग्रहण कर इसकी घेराबंदी कराई जाएगी। भूमि अधिग्रहण के बाद खनन प्रक्रिया शुरू होगी जिस भूमि स्वामी का जमीन अधिग्रहण किया जाएगा, उन्हें भारत सरकार द्वारा तय मापदंड के मुताबिक मुआवजा दिया जाएगा। डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल जमुई एंव आसपास के लोगों से अनुरोध करते हुए कहा है कि लोह अयस्क के खनन में यथोचित सहयोग दें ताकि इसका नाम देश दुनिया में उजागर हो सके। खनन सचिव धर्मेंद्र सिंह


लौह अयस्क

और विभागीय टीम ने संयुक्त रूप से नामित गांव का दौरा किया और वस्तु स्थिति से रूबरू हुए, सचिव ने यहां प्रचुर मात्रा में लौह अयस्क मिलने की पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि बिहार झारखंड राज्य के अलग हो जाने के बाद यह प्रदेश खनिज संपदा विहीन प्रदेश के रूप में जाना जाने लगा था ।मंजोष और भट्ठा गांव में लौह अयस्क मिलने के बाद अब बिहार भी खनिज संपदा वाला राज्य कहलाने लगेगा।इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री शोभा देवी, भाजपा नगर उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा , पुजा कुमारी, शोभा पटेल, ममता पटेल,अनामिका पाण्डेय, अंकुश,अशिष,संजू कुमारी,संजू कुमारी, रेखा शर्मा, बेबी देवी, जितेंद्र मिस्त्री, सत्येंद्र पासवान, बब्लू शाह , मिथलेश कुमार आदि मौजूद थे।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

**राहुल कुमार सिंह**
मुख्य कोऑडिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

# बिहार को आगे ले जाने वाला कितना संकल्पित



**[ लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान बिहार राज्य के संस्कृति और सभ्यता की प्राचीन भारत की धरोहर को समाहित करते हुए यात्रा में गतिशील है। आईपीएस विकास वैभव के ईमानदार संकल्प के बाद बिहार के युवाओं के हृदय में नव बिहार निर्माण के लिए नव कोंपल को फूटते हुए देख रहा हूं। मेरी भी उम्मीद जगी है। बिहार के लोग सदियों से अपनी संस्कृति के प्रति संवेदनशील रहते आएं है। इसी सांस्कृतिक विरासत परंपरा के कारण विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहराने में सफल भी है। ]**

बहुत सी कमियां बिहार में है पर, इन कमियों को दूर कौन करेगा? दुखद यह है कि बिहार का पढ़ा लिखा समाज भी लघुवादों के जाल में जकड़ा हुआ है। एक सुंदर पहल लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से लगातार किया जा रहा है। युवाओं का एक होकर रहना बिहार की जरूरत है और स्वयं युवाओं का भविष्य भी है। बिहार के युवाओं को इस सामाजिक संदेश को समझना होगा। लघुवाद के चंगुल में गिरवी रखे अपने मस्तिष्क को हरहाल छुड़ाना होगा। नए संवाद स्थापित करने होंगे। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की यात्रा से अन्य बौद्धिकों को जोड़ना होगा। यह पहली बार हो रहा है कि बिहार की आम जनमानस इतनी सक्रियता से एक सामाजिक संदेश को वृहत मंच पर ले जाने को तैयार हैं। एक सुखद अनुभूति यह है कि वैश्विक स्तर पर इस अभियान की पहचान भी बन रही हैं। जातिवाद एक ऐसा दीमक हैं जो, धीरे–धीरे पूरे बिहार के समाज को चाटते जा रहा है, नतीजन बिहार में प्रेम और सौहार्द खोखला हो रहा है। स्वार्थ की वृद्धि इतनी तीव्रता से हो रही हैं कि लोग लोक लाज और लिहाज़ को तिलांजलि दे रहे हैं। मानवीय संवेदना शून्य होकर वीराने की ओर तेज़ी से अग्रसर हो गई है। जितनी जनसंख्या बिहार में युवाओं की हैं,अगर सब एक साथ एक मंच पर आकर बिहार के विकास के विषय में चिन्तन करने लगे तो,आने वाले भविष्य पर बिहार का स्थान सर्वोच्च होगा। बिहार के युवाओं में असीम क्षमताएं विराजमान हैं। पर, उन तमाम युवाओं के सोचने, समझने और कार्य करने वाले गुणों को लघुवादियों ने गुलाम बना कर अपने वश में कर लिया हैं। बिहार की सुंदर संस्कृति और माता पिता के सुंदर संस्कार से युवाओं के हृदय की कोठरियों में जहां, मानवीय मूल्यों के फूल को खिलकर, सम्पूर्ण बिहार में उन तमाम फूलों की खुशबू फैल जानी चाहिए थीं। इसके विपरित युवाओं के हृदय में एक दूसरे के प्रति द्वेष, घृणा और नफ़रत की बीज बोने वाले इन लघुवादियों ने अपने विषबेल के बीजों को बोने में कोई कसर नहीं छोड़ी हैं। इसका बहुत भयावह परिणाम देखने को मिल रहा है। जातिवाद, क्षेत्रवाद और धर्मवाद जैसे लघुवाद में विभाजित युवा समाज अलग अलग दिशाओं में अपनी महत्त्वपूर्ण ऊर्जा को व्यय कर रही हैं। जिससे, बिहार के उत्थान में लगा रथ का पहिया एक जगह दशकों से स्थिर खड़ा हो कर तमाशाबीन हो गया है। यह रथ भी ऐसे सारथी की तलाश में हैं जो, बिहार के युवाओं को एकता के सूत्र में बांध कर, उन्हें सामूहिक रूप से अपनी ऊर्जा एक दिशा में रखने के लिए प्रेरित कर संके। पर, यह लिखने और कहने में जितना आसान लग रहा है। उतना ही ज्यादा दुरूह और जटिल कार्य हैं। पर, मुश्किल काम नहीं है। इन परिस्थितियों में भी आईपीएस विकास वैभव ने साहस किया हैं। और, युवाओं के हृदय को पवित्र करने के लिए अपने ज्ञान के माध्यम से लगातार उनको प्रेरित कर रहे हैं। उनको पूर्ण भरोसा है कि सभी युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक परिणाम दे सकता है। युवाओं में बिहार गढ़ने की तमाम क्षमताएं विराजमान हैं। बिहार में युवाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु आईपीएस विकास वैभव संकल्पित है। बिहार में बेरोजगार युवाओं की संख्या में तीन गुना वृद्धि हुई है। नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल ( एनसीएसपी ) के आंकड़े में यह बात सामने आई है। मार्च,2021 तक एनसीएसपी पर बिहार के बेरोजगार युवाओं का निबंधन 78,00,259 था। विगत दस महीनों में यह संख्या 2,67,635 बढ़ी है। बिहार में बेरोजगारी दर 2021 में 10.79 प्रतिशत तक पहुंच गया था। जो 2021– 2022 में घटकर 10.44 प्रतिशत हो गया। लेकिन, इधर जनसंख्या में वृद्धि दर 2001 से 2011 के बीच 25.40 प्रतिशत था। इस अनुमान से बिहार की आबादी 2023 में 14 करोड़ के आंकड़े को पार कर चुका है। अगर 2023 में बेरोजगारी दर 10 प्रतिशत भी मान लिया जाएं तो लगभग एक करोड़ युवा बिहार में बेरोजगार हैं। जितने बेरोजगार युवक बिहार में हैं, सबको सरकारी नौकरी देना संभव नहीं हैं। इसलिए उन्हें स्वावलंबन की ओर प्रेरित करना एक सराहनीय कदम है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान बिहार राज्य के संस्कृति और सभ्यता की प्राचीन भारत की धरोहर को समाहित करते हुए यात्रा में गतिशील है। बिहार के युवाओं के हृदय में नव बिहार निर्माण के लिए नव कोंपल को फूटते हुए देख रहा हूं। मेरी भी उम्मीद जगी है। बिहार के लोग सदियों से अपनी संस्कृति के प्रति संवेदनशील रहते आएं है। इसी सांस्कृतिक विरासत परंपरा के कारण विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहराने में सफल भी है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान से जुड़कर, बेहतर वातावरण बनाने के लिए, यहीं सुनहरा मौका युवाओं के पास है। जातिवाद के विष और लघुवाद की विषमताओं से दूर होकर, अपने बिहार के लिए, अपने मिट्टी के लिए साथ होना ही होगा। कुछ बेहतर करने के लिए आपस में प्रेम का होना जरूरी है। इसके लिए लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के तमाम सदस्य सजग है। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

# प्राणपुर प्रखंड के विक्लांगों को प्रमाण पत्र नहीं मिलने से लाभूक हो रहे है परेशान

नई सोच एक्सप्रेस

**कटिहार।** जिले के प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत के विकलांग सर्टिफिकेट के लिए शिविर आयोजित मे वर्ष -2022 एंव 2023 एंव 2024 का एक भी विकलांग आवेदक को विकलांग सर्टिफिकेट अभी तक नहीं मिलने से आक्रोश मे देखा जारहा है। प्राणपुर प्रखंड के विकलांग बच्चे, बच्ची एवं युवा वर्ग को यूडी आईडी कार्ड नहीं मिलने के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ से वंचित हो रहे हैं। उप प्रमुख मोहम्मद रफीक आलम ने बताया कि कई वर्षों से प्राणपुर प्रखंड में यूडीआडी कार्ड का वितरण नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण विकलांग बालक, बालिका एवं वृद्ध को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। पंचायत से लेकर प्रखंड प्रखंड से लेकर जिला कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। अधिकारी



**• विकलांग प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया करे :उप प्रमुख**

या कर्मचारी किसी न किसी कागज की कमी को बात कर लाभार्थी को टहलने का कार्य किया जा रहा है। अगर इसी तरह संबंधित विभाग के अधिकारी या कर्मचारी करते रहे, तो सरकार के द्वारा विकलांग के हित में जो कई योजनाएं चलाई जा रही है। इसका लाभ प्राणपुर प्रखंड के विकलांग को नहीं मिल पाएगा। उप प्रमुख मो. रफीक ने चिकित्सा पदाधिकारी प्राणपुर डॉ अभिनंदन कुमार को बुलाकर तुरंत ही विकलांग प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया करने का निर्देश दिया।डॉ अभिनंदन कुमार ने तुरंत जिला मे बात किया। यूडीआई विभाग के अधिकारी से श्वासन दिया।जल्द ही सभी को विकलांग प्रमाण पत्र मिल जायेगा।

# तीन दिवसीय बागवानी, मिट्टी जांच और सब्जी उत्पादन प्रशिक्षण शुभारम्भ

नई सोच एक्सप्रेस

**देवघर।** कृषि प्राद्यौगिकी प्रबन्धन अभिकरण ( आत्मा ) के तत्वावधान में आत्मा समेति सहाय अनुदान - 24-25 के अंतर्गत बागवानी, मिट मिट्टी जांच, सब्जी उत्पादन का तीन दिवसीय प्रशिक्षण एपीपी एग्रीगेट द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए जिला आत्मा के एटीएम परियोजना रामाधार सिंह ने कहा कि, हमे कीथ खेती आज किसानों की जरुरत है। झारखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए उन्नत आय के लिए मिट्टी जांच के बाद ही उपयुक्त समय पर उपयुक्त फसले उपजाया जा सकता है। उन्होंने बागवानी के साथ साथ सब्जी उत्पादन के विभिन्न प्रकार के तरीको की जानकारी भी दी। इस कार्यक्रम में योग्य, कुशल एवं प्रशिक्षित प्रशिक्षको द्वारा देवीपुर प्रखण्ड के, 25 गांवों में 50-50 किसान समूहों को बागवानी



के अन्तर्गत आम, अमरूद, केला, लीची, मशरूम डेर्गन फ़्रूट के उत्पादन की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बैगन, टमाटर, राम तोर ई, गोभी आदि क ई सब्जी के उन्नत उपजो की जानकारी दी गई। समूह चर्चा और प्रायोगिक विधियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में एपीपी एग्रीगेट के निदेशक, प्रभाकर कुमार, राज्य प्रमुख अनमोल कुमार मास्टर प्रशिक्षक राकेश दूबे, ज्वाला कुमार, पूनम संगा , दमयन्ती , गजाला परवीन, समेत दर्जनो प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण दिया।

# दलित उत्पीड़न कानून का खुल्लम खुल्ला हो रहा है दुरुपयोग

नई सोच एक्सप्रेस

**गया।** बिहार में गया जिले के चेरकी थाना क्षेत्र में दलित उत्पीड़न कानून के खुल्लम - खुल्ला दुरुपयोग का मामला प्रकाश में आया है । मामला चेरकी थाना के कुरमावां गांव का है जहां 28 जनवरी 2024 को रात्रि 8:00 बजे उप नगर आयुक्त, गया नगर निगम का वाहन चालक रामाशीष पासवान उनकी गाड़ी लेकर अपने तीन दोस्तों के साथ भारत पेट्रोलियम पंप पर आता है ।वे सभी नशे की हालत में थे । रामाशीष पासवान उप नगर आयुक्त, गया नगर निगम की गाड़ी में उधार डीजल भरने के लिए कहता है । जब पेट्रोल पंप के नोजल मैन कृष्णा कुमार ने उधार डीजल देने से इनकार कर दिया तब वह गुस्से में गाली देते हुए पंप के मालिक के कक्ष में जाकर कर्मी रंजीत कुमार से उलझ गया और हाथापाई करने लगा । हंगामे के बाद पास पड़ोस के लोगों के जुटने पर वह वहां से भाग गया और जाते वक्त धमकी दी कि वह उन्हें दलित उत्पीड़न के मामले में फंसाकर जेल में डलवाएगा । पेट्रोल पंप के मालिक अपने संबंधी के शादी समारोह में शामिल होने के लिए औरंगाबाद गए थे और जब उन्हें इस घटना की जानकारी मिली तो वह तुरंत वहां से लौट आए लेकिन देर रात होने के कारण उन्होंने 29 जनवरी 2024 को सुबह ही इसकी लिखित शिकायत रंजीत कुमार के माध्यम से कराई । थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि वह इस पर तुरंत उचित कार्रवाई करेंगे लेकिन उन्होंने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। इस बीच उनका तबादला हो गया और उसके बाद जो नए थाना प्रभारी आए उन्होंने भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की । वहीं रामाशीष पासवान की प्राथमिकी 03 फरवरी 2024 को दर्ज कर ली गई । यहां यह गौर करने वाली बात है कि घटना के पांच दिन के अंदर न तो रामाशीष पासवान और न उसके किसी परिजन ने अपनी शिकायत को लेकर पुलिस से संपर्क किया । उन्हें डर था कि यदि वे पुलिस के पास 24 घंटे के अंदर गए तो घटना के दिन उनके नशे में होने की पुष्टि हो जाती। इस दौरान चेरकी थाना की ओर से यह दबाव दिया गया कि वे इस मामले में कुछ ले देकर समझौता कर लें। इसके बाद पेट्रोल पंप मालिक ने 13 फरवरी 2024 को गया के वरीय पुलिस अधीक्षक से इस बारे में टेलीफोन पर शिकायत की। उन्हें व्हाट्सएप के जरिए घटना का वीडियो फुटेज और लिखित शिकायत की प्रति भी भेजी और बताया कि उनकी प्राथमिकी पुलिस ने अब तक दर्ज नहीं की है । तब उन्होंने आश्वासन दिया कि वह इस मामले की जांच के लिए डीएसपी को निर्देश देंगे । इसके कई दिनों के बाद डीएसपी तहकीकात के लिए पेट्रोल पंप पर पहुंचे । अंततः 22 फरवरी 2024 को रामाशीष पासवान के खिलाफ मामला दर्ज हुआ । हालांकि पुलिस ने शिकायतकर्ता रंजीत कुमार पर दबाव डाल कर आवेदन के अंत में यह लिखवाया कि वह डर से थाना नहीं आ सका था जबकि सच्चाई है कि वह कई बार इस मामले में प्रगति जानने के लिए थाना गया था और कई बार पेट्रोल पंप के मालिक ने भी इस संबंध में थाना प्रभारी से बात की थी । पुलिस ने इस मामले में 25 अप्रैल 2024 को रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया । अगले दिन उसे कोर्ट में पेश किया गया तब अदालत ने मामले के अनुसंधानकर्ता को लक्ष्मण पासवान को कड़ी फटकार लगाई और सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए गिरफ्तारी को गलत बताया और रंजीत कुमार को तुरंत पी आर बॉन्ड पर रिहा करने का आदेश दिया । इस संबंध में रंजीत कुमार ने बताया कि उसने कभी किसी के खिलाफ जाति सूचक शब्द का प्रयोग नहीं किया है। उसके साथ पेट्रोल पंप में अनुसूचित जाति के एक बुजुर्ग नोजल मैन जानकी पासवान भी काम करते हैं, जिनका वहां काम करने वाले सभी लोग बहुत सम्मान करते हैं। वह भी इस घटना के साक्षी हैं । पेट्रोल पंप के मालिक ने कहा कि इस मामले में पुलिस का रवैया भेदभावपूर्ण रहा है । पुलिस ने जितनी तत्परता रंजीत कुमार को गिरफ्तार करने में दिखाई उतनी तत्परता यदि मामले की जांच में दिखाती तो स्थिति उलट होती । वीडियो फुटेज से साफ दिख रहा है कि रामाशीष पासवान अपने दोस्तों के साथ गया नगर निगम के अधिकारी की गाड़ी से पेट्रोल पंप पर आता है और बिना पैसा दिए ही गाड़ी में डीजल डालने के लिए कहता है इनकार करने पर वह मैनेजर के कक्ष में जाकर मारपीट करता है । उसने अपनी शिकायत में यह स्वीकार भी किया है कि आयुक्त साहब ने बोला है (बिना पैसा दिए) डीजल देने के लिए । कोई पैसा देकर डीजल लेता तो यह नहीं कहता है कि साहब ने कहा है डीजल देने के लिए। वह पैसा देता और डीजल लेता।पेट्रोल पंप के मालिक ने कहा कि क्या किसी को भी बिना भुगतान किए जबर्दस्ती पेट्रोल पंप से पेट्रोल-डीजल लेने का अधिकार है। सच्चाई यह है कि यह विशुद्ध रंगदारी का मामला है। पुलिस को ऐसे तत्व के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए थी, लेकिन अभी तक इस मामले में उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह भी जांच का विषय है कि क्या उप नगर आयुक्त, गया नगर निगम ने अपने वाहन चालक को गया शहर से 11 किलोमीटर दूर कुरमावां गांव में उधार डीजल लेने के लिए भेजा था । यदि यह मान भी लिया जाए कि अचानक डीजल लेने की जरूरत पड़ गई थी और चालक के पास पैसा नहीं था तब क्या उप नगर आयुक्त ऑनलाइन पेमेंट नहीं कर सकते थे । उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद लगता है कि इसी तरह जाति और पद का धौंस देकर कोई भी आदमी अब पेट्रोल पंप पर आएगा और बिना पैसा दिए पेट्रोल-डीजल देने के लिए कहेगा और नहीं देने पर दलित उत्पीड़न का केस कर देगा। पुलिस भी बिना सोचे समझे गिरफ्तार कर लगी और 24 घंटे हाजत में बंद रखेगी । यह दलित उत्पीड़न कानून के दुरुपयोग का जीता जागता उदाहरण है ।

# मारुति सुज़ुकी ने एम्स और आईआरएफ के सहयोग से आपातकालीन देखभाल पर फर्स्ट रिस्पॉन्डर ट्रेनिंग का पायलट कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** अपनी सड़क सुरक्षा पहलों को मज़बूत करते हुए, मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड ने अपने इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफ़िक रिसर्च (आईडीटीआर) में व्यावसायिक वाहन चालकों को प्राथमिक चिकित्सा और ट्रॉमा देखभाल संबंधी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भारत के प्रमुख चिकित्सा संस्थान एम्स और अंतर्राष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) के साथ साझेदारी की है। एक पायलट कार्यक्रम के माध्यम से, हरियाणा, दिल्ली और बिहार में स्थित आईडीटीआर में 8,500 लोगों को मुख्य रूप से व्यावसायिक वाहन चालकों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रतिभागियों को जय प्रकाश नारायण-एम्स ट्रॉमा सेंटर, दिल्ली के सहयोग से आपातकालीन देखभाल पर व्यापक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। यह प्रशिक्षण उन्हें सड़क दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन ऑवर के दौरान



सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की सहायता करने के लिए आवश्यक जानकारी और व्यावहारिक कौशल प्रदान करता है। दुर्घटना के बाद स्वर्णिम घंटा (गोल्डन आवर) दुर्घटना के बाद का पहला घंटा होता है, जिसके दौरान चिकित्सा की उपलब्धता द्वारा मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के एक्ज़ीक्यूटिव ऑफिसर, कॉर्पोरेट अफ़ेयर्स, श्री राहुल भारती ने कहा, मारुति सुज़ुकी 4म् के माध्यम से सड़क सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करती हैरू सुरक्षित कारों के लिए वाहन इंजीनियरिंग, आईडीटीआर के माध्यम से यातायात नियमों पर शिक्षा सड़क पर सक्षम ड्राइवरों के लिए स्वचालित ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक के माध्यम से मूल्यांकन, और यातायात सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों का उपयोग करके सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए प्रवर्तन । दुर्घटना के बाद की देखभाल के महत्व को समझते हुए, 5वीं ई, आपातकालीन देखभाल महत्वपूर्ण हो जाती है। कंपनी का लक्ष्य ड्राइवरों को दुर्घटनाओं के बाद गोल्डन ऑवर के दौरान प्रभावी प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता बनने के लिए प्रशिक्षित करना है। यह प्रशिक्षण पहल सतत विकास लक्ष्य 3 के अनुरूप है। इस पाठ्यक्रम में नवीनतम चिकित्सा विशेषज्ञता सम्मिलित करने के लिए हम देश के प्रमुख अस्पताल एम्स के आभारी हैं। ट्रॉमा केयर के बारे में बात करते हुए, जेपीएन एपेक्स ट्रॉमा सेंटर, एम्स, नई दिल्ली के ट्रॉमा सर्जरी और क्रिटिकल केयर के प्रोफेसर डॉ. अमित गुप्ता ने कहा, प्रबल ट्रॉमा देखभाल प्रणालियों की अनुपस्थिति में, बुनियादी ट्रॉमा और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में आसपास खड़े लोगों को प्रशिक्षित करने की तत्काल आवश्यकता है। क्योंकि आघात के बाद का समय महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी भी सड़क दुर्घटना के समय वास्तविक रूप से सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले, आस-पास उपस्थित लोगों का प्रशिक्षण, सड़क यातायात दुर्घटनाओं के बाद होने वाली मृत्यु दर और मृत्यु-संख्या को कम करने में काफी सहायक हो सकता है। आमतौर पर, इस समूह में व्यावसायिक वाहन चालकसम्मिलित होते हैं। प्राथमिक चिकित्सा मॉड्यूल और प्रशिक्षण को मानकीकृत करने के लिए, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एम्स और देश के अन्य प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञों के साथ मिलकर प्राथमिक चिकित्सा पाठ्यक्रम तैयार किया है। हमने मारुति सुज़ुकी आईडीटीआर में प्रशिक्षण के लिए इन मॉड्यूलों का उपयोग किया, जिसे हितधारकों से काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

# सीएम नीतीश कुमार ने एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा को पहनाया "विजय माला", लोगों की स्वीकृति पर

नई सोच एक्सप्रेस

**खगड़िया।** इस संसदीय क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा चुनाव क्षेत्र में बिहार के मुख्य मंत्री एवं जदयू नेता नीतीश कुमार ने चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा आजकल लोग क्षेत्र में भ्रम बहुत फैला रहे हैं। ऐसे लोगों के दाएं बाएं के चक्कर में नहीं पड़िए। बिहार में 40 में से 40 सीट पाने के लिए एनडीए समर्थित लोजपा रामविलास प्रत्याशी राजेश वर्मा को भारी बहुमत से विजय बनाना है। उन्होंने परिवारवाद और प्रजनन दर पर भी बातें की। कब्रिस्तानों को लेकर अक्सर लड़ाई होती थी हमने कब्रिस्तान की घेराबंदी करवा दी। मदरसा को सरकारी घोषित किया। नीतीश कुमार ने कहा पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश कितना बढ़ा, सारे लोग अवगत हैं। इसलिए मोदी की के हाथ को मजबूत करने हेतु एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा को वोट जरूर दें। सभा को मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधायक पन्ना लाल पटेल, पूर्व विधायक पूनम



**• मंत्री विजय कुमार चौधरी, पन्ना लाल पटेल तथा पूर्व विधायक पूनम देवी यादव ने भी किया संबोधित**

देवी यादव तथा एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा ने भी संबोधित किया। सीएम नीतीश कुमार ने जनसमूहों से स्वीकृति लेने के बाद राजेश वर्मा को "विजय माला" अग्रिम में पहनाया जिसे लोगों ने तालियां बजा कर अपनी पूर्ण सहमति दी।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद निधि के बारे में मतदाताओं को किया जा रहा है गुमराह--दिलीप कुशवाहा

**जहानाबाद**। लोकसभा चुनाव की दिन जैसे जैसे नजदीक आ रहा है। ऐसे में विरोधियों द्वारा जनता को गुमराह करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। निवर्तमान सांसद सह जदयू लोकसभा प्रत्याशी के विरुद्ध गलत अफवाह फैला कर मतदाताओं को दिग्भ्रमित किया जा रहा है। सबको पता है कि 05 वर्षों में प्रत्येक सांसद को 25 करोड रुपये सांसद निधि के अंतर्गत अनुशंसा करने के लिए दिया जाता है। कोविड के कारण केवल 08 करोड़ रूपया भारत सरकार ने रख लिया और प्रत्येक सांसद को 17 करोड़ रूपया अनुशंसा करने के लिए दिया गया। इस 17 करोड़ में 07 करोड़ रूपया ऑफलाइन मोड में आया और 10 करोड़ रूपया ऑनलाइन मोड में अनुशंसा करना था। सांसद ने एम.पी.लैड के शर्तों के अनुसार ऑफलाइन मोड में विभिन्न योजनाओं के लिए पूरे 07 करोड रुपये कीअनुशंसा तीन जिलों में किया गया है। ऑनलाइन में जो 10 करोड रुपये अनुशंसा के लिए आये उसमें 20 लाख रुपया मंत्रालय ने एडमिनिस्ट्रेटिव एक्सपेंस के रूप में रख लिया और बाकि 09 करोड़ 80 लख रुपये की 248 योजनाओं की अनुशंसा की और उनमें से अधिकतर पर काम चल रहा है। जहानाबाद के निवर्तमान सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी सांसद नीति को प्राथमिकता देते हुए व्यापक जनहित में क्षेत्र के विकास के लिए काम किया है और शत प्रतिशत अनुशंसा की है। इसकी सत्यता की जांच डी.पी.ओ जहानाबाद से की जा सकती है। वहीं इस बात की जानकारी एन.डी.ए की बैठक के बाद दिलीप कुशवाहा ने बताया कि लोग अफवाह फैला कर चुनाव जीतना चाहते हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील किया है कि भ्रम फैलाने वालों से सावधान रहें। जबकि मतदाताओं का रुझान इसके विपरित है। जितना मुँह उतनी बातें ?

### एशियन पेंट्स ने विराट कोहली को नियो भारत लेटेक्स पेंट के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया




**पटना**। एशियन पेंट्स, भारत की सबसे आगे रहने वाली पेंट और डेकोर कंपनी, क्रिकेट आइकन, विराट कोहली को अपने आने वाले नए लॉन्च - नियो भारत लेटेक्स पेंट के ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने की घोषणा गर्व से करती है। नियो भारत लेटेक्स पेंट के साथ, एशियन पेंट्स इस डायनामिक उद्योग में अपनी मौजूदगी का विस्तार करके और इसे सभी के लिए ज्यादा सुलभ बनाकर पेंट की श्रेणी में क्रांति लाएगा। नियो भारत लेटेक्स पेंट हर तरह से क्रांतिकारी है क्योंकि इसमें विशेष पॉलिमर तकनीक है जो बेहतर फिनिश, ज़्यादा कवरेज और क्लीनेबिलिटी देती है। ये "प्रगति के रंग", जो कि नियो भारत की टैग लाइन है, उन लाखों भारतीयों को समर्पित है जो बेहतर जीवन की तलाश में हैं, और एशियन पेंट्स का लक्ष्य उनकी यात्रा में उनके साथ कदम से कदम मिला कर चलना है। एशियन पेंट्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ, अमित सिंगल ने कहा, "हमारा आने वाला लॉन्च, नियो भारत लेटेक्स पेंट, एशियन पेंट्स के इतिहास में सबसे बड़े मौकों में से एक है, और विराट कोहली का इस जबरदस्त ब्रांड के चेहरे के रूप में होना हमारे उत्साह को बढ़ाता है। एशियन पेंट्स के साथ अपने संबंध पर बात करते हुए, विराट कोहली ने कहा, "मैं नेतृत्व, नयी पहल और मजबूत मूल्यों के लिए जाने वाले ब्रांड के साथ जुड़कर वास्तव में उत्साहित और प्रसन्न हूं।

### अपर समाहर्ता ने दिव्यांगजन एवं वृद्धजन मतदाताओं जागरूक करने हेतु संजीवनी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**जहानाबाद**। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता सह वरीय पदाधिकारी, जिला स्वीप कोषांग श्री ब्रजेश कुमार, उप विकास आयुक्त श्री धनंजय कुमार एवं अपर समाहर्ता , विभागीय जाँच श्री विनय कुमार द्वारा जिले के दिव्यांगजन एवं वृद्धजन मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता संजीवनी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपर समाहर्ता ने बताया कि मतदाता जागरूकता संजीवनी वाहन का परिचालन जिले के तीनों विधान सभा क्षेत्रों में किया जायेगा तथा वैसे मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा जो दिव्यांग एवं वृद्ध है। उन्होंने बताया कि जागरूकता वाहन के तहत प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा मतदाता जागरूकता हैण्डसेक अभियान चलाया जायेगा। जिसमें दिव्यांग एवं वृद्धजना मतदाताओं से हाथ मिला कर मतदान करने का अपील किया जायेगा। उप विकास आयुक्त ने बताया कि दिव्यांग एवं वृद्धजना मतदाताओं अपना मताधिकार के उपयोग हेतु जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या- 1950 पर निःशुल्क सम्पर्क कर मतदान दिवस के लिए वाहन का निबंधन कर सकते है। निबंधित दिव्यांग एवं वृद्धजना (85प्लस वाले) मतदाताओं को 01 जून, 2024 को उनके घर से मतदान केन्द्र तक जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता सह वरीय पदाधिकारी, जिला स्वीप कोषांग श्री ब्रजेश कुमार, उप विकास आयुक्त श्री धनंजय कुमार एवं अपर समाहृत्ता, विभागीय जाँच पदाधिकारी श्री विनय कुमार के साथ-साथ नोडल पदाधिकारी, वरीय उप समाहृत्ता श्री राहुल कुमार, जिला स्वीप कोषांग -सह- जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, श्रीमती कंचन कुमारी झा, नोडल पदाधिकारी, पी.डब्लू.डी. -सह- सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग श्रीमती माला कुमारी, जिले के निर्वाचन आईकॉन श्री अमित कुमार, श्री अजीत कुमार (पी.डब्लू.डी.) सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आग ने किसान की हजारों रुपये की सम्पत्ति जलकर राख कर दी



**जहानाबाद**। शकूराबाद थाना क्षेत्र के फौलादपुर गाँव में आग लग जाने के कारण हजारों रुपये की नेवारी का पुज सहित खलिहान में रखा मसूरी भी जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम लगभग पांच बजे पैक्स भवन के पास रबिन्द्र यादव के खलिहान से धुआ निकलते देख गाँव वाले दौड़कर आये और नेवारी के पुज में लगी आग पर काबू पाने का की कोशिश करने लगे। आग लगने की सूचना तत्काल पुलिस को भी दी गई। इस मौके पर अग्निशमन कर्मी भी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। पछुवा हवा रहने के बावजूद अग्निशमन कर्मी और ग्रामीणों की सहयोग से आग पर काबू पाया गया। आग की लपट तेज रहने के कारण खलिहान में रखा नेवारी के पुज के साथ साथ मसूरी भी जल चुका था। पीड़ित किसान ने बताया कि करीब 25 हजार रुपये की सम्पत्ति जलकर नष्ट हो गयी। आग कैसे लगी ? इसकी जानकारी किसी को नहीं।

# संगीतकार रविन्द्र जैन के नाम पर आरजे स्टूडियो के अंतर्गत ग़ज़ल, शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने का संकल्प

नई सोच एक्सप्रेस



**मुम्बई**। बॉलीवुड के विख्यात संगीतकार रविन्द्र जैन की पत्नी दिव्या जैन और उनके बेटे आयुष्मान जैन देश के क्लासिकल आर्ट और कलाकारों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। इन्होंने ग़ज़ल प्रोजेक्ट शुरू किया है ताकि ग़ज़ल जैसी सम्रद्ध कला को आज के मॉडर्न युग मे बखूबी पेश किया जाए। ग़ज़ल प्रोजेक्ट का कॉन्सेप्ट उनके ज़ेहन में कैसे आया, इस संदर्भ में आयुष्मान जैन ने कहा कि हम जब कोविड के समय देखते थे कि काफी सारे कलाकार मैसेज कर रहे थे, सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे थे कि उन्हें काम की तलाश है, या काम मिलने में दिक्कत आ रही है। उस वक्त हमने सोचा कि अगर हम कुछ कर पाए, आर्टिस्ट्स की हेल्प कर सकें तो बहुत ही अच्छा होगा। हमारे पिताजी रविन्द्र जैन जी भी अक्सर कहा करते थे कि नए कलाकारों को अवसर देना चाहिए। आर्ट को एक प्लेटफॉर्म देना सबसे बड़ी बात होती है हम इसी बात को आगे ले जाना चाहते थे। आरजे ग्रुप के साथ हम कलाकारों और कला को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहे हैं। डिवोशनल म्युज़िक में रवीन्द्र जैन यू ट्यूब चैनल पर काफी काम किया है। उसके बाद हमने दूसरा चैनल आरजे स्टूडियो शुरू किया। इसके माध्यम से हम भारत की सांस्कृतिक जड़ों, भारतीय म्युज़िक चाहे क्लासिकल हो या सेमी क्लासिकल या लोक संगीत हो, उन्हें हम एक उचित स्पेस दे सकें, चाहे ऑनलाइन या ऑफलाइन। उन्होंने आगे कहा कि इंडी म्युज़िक या रॉक म्युज़िक के आर्टिस्ट्स को बढ़ावा मिले, इस दिशा में हम कार्य कर रहे हैं। आरजे स्टूडियो एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां सभी तरह के जॉनर के गीत संगीत कलाकार सुनाई और दिखाई पड़ें। हम लोगों ने ग़ज़ल से इसकी शुरुआत की। मेरी नानी निर्मला जैन ने वर्षो पहले ग़ज़ल लिखी थी, वह चाहती थीं कि उनकी लिखी गज़ल रिकॉर्ड हो और रिलीज की जाए। इसलिए हमने ग़ज़ल से इस आरजे स्टूडियो की शुरुआत की। गायिका प्रभाती जी से हमारी मुलाकात हुई। वह रविन्द्र जैन की बहन की तरह हैं। वह इस उम्र में पुराने कल्चर और ठुमरी को आगे लेकर आ रही हैं। उन्होंने उस्ताद बड़े गुलाम अली साहेब और बेगम अख्तर से संगीत सीखा है, उनकी तरह गाने वाले बहुत कम रह गए हैं। तो उनके साथ यह फर्स्ट प्रोजेक्ट हमने किया। नानी की लिखी गज़लों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर "The Ghazal Project x- Prabhati Mukherjee" ग़ज़लों की एलबम लेकर आए जिन्हें प्रभाती जी ने आवाज़ दी। प्रभाती जी की आवाज़ को हम मुम्बई के दर्शकों को सुनाना चाहते थे। तो हमने पहले शो के लिए प्रभाती जी के साथ काम करने का सोचा। इस तरह यह खास शो तैय्यार हुआ। दरअसल इस कार्यक्रम के माध्यम से हम ग़ज़ल को सेलिब्रेट कर रहे हैं। इसलिए स्टेज का डेकोरेशन और माहौल ग़ज़ल वाला रखा गया। उस शो में प्रभाती जी की परफॉर्मेंस, स्टेज पर उनका रुतबा अद्वितीय था। उन्हें स्टेज पर परफॉर्म करते देखना यादगार अनुभव रहा। इस प्रोजेक्ट में भजन सम्राट अनूप जलोटा को जोड़ने की मंशा के संदर्भ में आयुष्मान जैन ने बताया कि इसमे हम अनूप जलोटा को भी शामिल करना चाहते थे क्योंकि उन्होंने भी ग़ज़ल के क्षेत्र में बड़ा काम किया है। इस प्रोजेक्ट में उन्हें जोड़ना जरूरी था जिनके पास बहुत अनुभव है। रविन्द्र जैन के साथ अनूप जी का बांड भी कमाल का था। भविष्य की योजना के बारे में उन्होंने कहा कि ग़ज़ल प्रोजेक्ट के अंतर्गत हमारा एक और नया अल्बम आ रहा है। सिंगर सिराज खान और गीतकार राशिद दामोहि हैं। आरजे स्टूडियो पर यह अल्बम जल्द रिलीज़ किया जाएगा। साथ ही हम कुछ क्लासिकल सिंगल्स भी लाने की योजना रखते हैं। शास्त्रीय संगीत पर आधारित नेक्स्ट शो शुरू करने का इरादा है। नार्थ इंडिया के कल्चरल क्लासिकल म्युज़िक को हम इस तरह सेलिब्रेट करेंगे। नए कलाकारों को, अपना स्टाइल लेकर आने वाले कलाकारों को भी हम मौका देंगे। भविष्य में हम क्रिएटिव माइंड्स के लिए फ्री प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाना चाहते हैं ताकि नए कलाकार अपनी रचना दुनिया को दिखा सकें।

## वाराणसी में चाय के लिए प्रसिद्ध है पप्पू चाय दुकान - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पी है इस दुकान में चाय

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। वाराणसी में अस्सी क्रॉसिंग पर एक छोटा सा चाय दुकान है, जिसका नाम पप्पू चाय दुकान है, जहां लोग चाय पीने के लिए चाय बनने का इंतजार करते हैं और नम्बर आने पर उन्हें चाय मिलता है। इस चाय दुकान में दो प्रकार का चाय बनाया जाता है। एक बार दूध का चाय, फिर दूसरी बार नींबू मसाला का चाय। जिन्हें नींबू मसाला चाय पीना होता है और नींबू की चाय यदि बन रही है तो उन्हें बन रही नींबू चाय में से चाय नहीं मिलेगी, क्योंकि जो चाय बनती रहती है उतने लोग उस चाय को पीने के लिए इंतजार करते रहते है। इतना ही नहीं, नींबू चाय बनने के बाद दूध की चाय बनती है और दूध की चाय पीने वाले लोग भी नम्बर लगा कर खड़े रहते है। दूध की चाय बनने के बाद नींबू की चाय बनती है और यह सिलसिला लगातार चलता रहता है और उसी प्रकार चाय पीने वालों की नम्बर लगता रहता है। दूध के बाद नींबू और नींबू के बाद दूध की चाय बनती रहती है। चाय पीने वाले लोग सहज रूप से अपनी बारी आने का इंतजार करते है, कोई आपा-धापी नहीं होता है। पप्पू चाय दुकान पर चाय बनाने का तरीका भी अन्य चाय दुकान से भिन्न है। दूध का चाय बनाने के लिए सबसे पहले दूध को सही तरीके से उबालते है यानि खौलाते है। उसमें इलाइची वगैरह डाल देते है। फिर गिलास को गर्म पानी से धोते है, उसके बाद गिलास में चीनी डालते है, फिर गर्म दूध को ग्लास में डालते है, उसके बाद कपड़े में चाय की पोटली को गिलास के ऊपर से गर्म पानी बहुत धीमी धार से पोटली पर डालते है, पोटली से गिरने वाली धार चाय गिलास में गिरता है यानी इस माध्यम से दूध में चाय का अर्ख डालते है, चाय के अर्ख की धार इतनी धीमी होती है कि उससे पानी का असर चाय के दूध में नहीं दिखती है, न देखने में और न ही चाय पीने में। चाय बहुत ही स्वादिष्ट रहता है। मसालेदार नींबू की चाय भी उसी प्रकार बनता है। नींबू के चाय में भी अलग से सिर्फ पानी को खौलाया जाता है, फिर गिलास को गर्म पानी से धोया जाता है, उसके बाद गिलास में चीनी डाला जाता है, फिर नींबू को निचोड़ कर नींबू का रस, फिर मसाला जिसमें हाजमोला भी रहता है, उसके बाद पतली पतली कटा हुआ अदरख और पुदीना के कुछ पत्ते, उसके बाद कपड़े में बंधे चाय (चाय की पोटरी) को गिलास के ऊपर से गर्म पानी डालते हुए बहुत धीमी धार से चाय तैयार होता है। पप्पू चाय दुकान को सबसे पहले बलदेव सिंह चलाते थे। उसके बाद उनका बेटा पप्पू चलाने लगा और पप्पू अपना नाम से दुकान का नाम प्रचलित किया जो आज पप्पू चाय दुकान के नाम से प्रसिद्ध है। अब इस दुकान को उनका बेटा सतीश चला रहा है। सतीश अपने पीढ़ी का तीसरा पीढ़ी है। इस प्रकार यह चाय दुकान लगभग 84 वर्ष पुराना है। पप्पू चाय दुकान की चाय का मजा देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी लिया है। जब नरेन्द्र मोदी वर्ष 2022 में काशी विश्वनाथ मंदिर से बीएचयू जा रहे थे तो जाते वक्त इस दुकान में रुककर चाय की चुस्की ली थी और वहाँ पर बैठे लोगों से देश के राजनीति पर चर्चा की थी और खुद के सरकार के काम काज का फीडबैक भी लिया था। इस दौरान उन्होंने 3 बार चाय की चुस्की ली, जिसमें दो बार दूध की और एक बार मसाले वाली चाय की।

## चिलचिलाती धूप में खादी गमछा बना लोगों की पहली पसंद


नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। अप्रैल महीने में ही भीषण गर्मी पड़ रही है। लू के थपेड़ों से जीवन बदहाल है। चिलचिलाती धूप में बाहर न निकलने की सलाह डॉक्टरों द्वारा दी गई है। फिर भी अनेक लोग ऐसे हैं जिन्हें किसी न किसी जरूरी काम से धूप में घर से बाहर निकलना पड़ता है। ऐसे लोगों की पहली पसंद खादी का गमछा बना हुआ है। बिहार खादी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि खादी प्राकृतिक रेशों से बना होता है जिसकी कताई और बुनाई हस्त चालित मशीनों से की जाती है। गर्मी में खादी विशेष राहत देता है। इसलिए यह लोगों की पहली पसंद बन रहा है। खादी मॉल के प्रबंधक रमेश चैधरी ने बताया कि खादी मॉल में खादी का सबसे छोटा गमछा मात्र 30 रूपये में उपलब्ध है। उससे बड़े गमछे की कीमत 40 रूपये और उससे बड़े गमछे की कीमत 50 रूपये है। दो गज की लम्बाई वाले गमछे की कीमत 70 रूपये है। इसके अलावा 150 रूपये, 280 रूपये और 350 रूपये मूल्य तक के गमछे खादी मॉल में बिक्री के उपलब्ध है। सभी वर्ग के लोग अपनी आवश्यकता के हिसाब से गमछा खरीद रहे हैं। लेकिन ज्यादा मांग 50 रूपये और 70 रूपये वाले गमछे की है। लोगों को सबसे ज्यादा उजले रंग का गमछा पसंद आ रहा है। खादी मॉल में आये एक ग्राहक अमरीश आनन्द ने बताया कि गमछा बिहार की शान है और हर बिहारी की विशेष पहचान भी है। खादी मॉल में इतना सस्ता गमछा मिलेगा इसकी उम्मीद नहीं थी। मैंने 50 रूपये की कीमत वाले दो गमछे खरीदे हैं। खादी के कपड़े बहुत ही आरामदायक होते हैं। पूरी गर्मी हमलोग खादी के वस्त्र ही पहनते हैं।

# कोकिलाबेन हॉस्पिटल ने एन्हांस्ड शोल्डर रिप्लेसमेंट के लिए भारत में पहली बार लॉन्च की वर्च्युअल इम्प्लांट पोज़िशनिंग के साथ आर्थ्रेक्स ग्लेनोइड सिस्टम

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटलने कंधे की रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए वर्च्युअल इम्प्लान्ट पोज़िशनिंग के साथ आर्थ्रेक्स मॉड्यूलर ग्लेनोइड सिस्टम की क्रांतिकारी तकनीक भारत में लॉन्च की है। वीआईपी सिस्टम का इस्तेमाल करके रिवर्स टोटल शोल्डर रिप्लेसमेंट के लाइव प्रदर्शन में इस को दिखाया गया। वीआईपी के साथ आर्थ्रेक्स मॉड्यूलर ग्लेनोइड सिस्टम ऑर्थोपेडिक्स में बढ़ाया गया एक बहुत बड़ा कदम है, जो बेहतर सटीकता, तुरंत रिकवरी और मरीज़ों को बेहतर परिणाम प्रदान करता है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई के स्पोर्ट्स ऑर्थोपेडिक्स, आर्थ्रोस्कोपी और ट्रॉमा विभाग के कंसल्टेंट (यूनिट लीड) डॉ. श्रेयश गज्जर ने इस सिस्टम का उपयोग करके पहली सर्जरी की। इसके महत्त्व पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा, वीआईपी के साथ आर्थ्रेक्स मॉड्यूलर ग्लेनोइड सिस्टम कंधे की आर्थ्रोप्लास्टी में एक बहुत बड़ा परिवर्तन है। यह तकनीक सर्जन को सर्जरी में सटीकता और अनुकूलन लाने के लिए सही उपकरणों के सक्षम बनाती है, जिससे मरीज़ो को बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। सर्जरी के पहले बहुत ही सावधानीपूर्वक की गयी योजना के ज़रिए, हम पूरी सटीकता के साथ सर्जरी कर सकते हैं और न्यूनतम इनवेसिव सर्जिकल तकनीकों को अपना सकते हैं, जिससे मरीज़ के शरीर पर बहुत ही छोटे चीरे देकर सर्जरी हो सकती है, टिश्यू का नुकसान कम होता है, रिकवरी और भी तेज़ी से होती है। मरीज़ों को बेहतर आराम और अच्छा परिणाम का आनंद मिलता है, कंधे की कार्यक्षमता में सुधार होता है और मरीज़ अपनी सामान्य गतिविधियां कर पाने में ज़्यादा तेज़ी से सक्षम हो पाते हैं। हमारी पद्धति में पारंपरिक तकनीक से बेहतर परिणाम मिल पाते हैं और व्यक्तिगत ज़रूरतों को प्राथमिकता दी जाती है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई के सीईओ और कार्यकारी निदेशक डॉ. संतोष शेट्टी ने कहा, हमें ख़ुशी है कि हमारा हॉस्पिटल आधुनिक ऑर्थोपेडिक्स में सबसे आगे है और भारत में इस अभूतपूर्व तकनीक को पहली बार पेश कर रहा है। वीआईपी के साथ आर्थ्रेक्स मॉड्यूलर ग्लेनोइड सिस्टम हमारे मरीज़ों को उच्चतम गुणवत्ता वाली देखभाल और सबसे उन्नत इलाज विकल्प प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। यह तकनीक कंधे की रिप्लेसमेंट सर्जरी में क्रांति लाने और कंधे के जॉइंट की समस्याओं से पीड़ित अनगिनत लोगों के जीवन में उल्लेखनीय सुधार ला सकती है। वीआईपी के साथ आर्थ्रेक्स मॉड्यूलर ग्लेनोइड सिस्टम को सफलतापूर्वक लॉन्च करके, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने मेडिकल जगत में नई तकनीक में अग्रणी के रूप में अपना स्थान मज़बूत किया है। कोकिलाबेन हॉस्पिटल अपनी असाधारण स्पोर्ट्स मेडिसिन सेवाओं के लिए मशहूर है, मरीज़ की व्यक्तिगत ज़रूरतों के अनुरूप समाधानों और उन्नत तकनीकों के साथ नए और अच्छे उपचार करने के लिए पहचाना जाता है। वर्चुअल इम्प्लांट की नयी तकनीक के आने से, अब हॉस्पिटल की स्पोर्ट्स मेडिसिन टीम मरीज़ों की देखभाल और परिणामों को बेजोड़ मानकों तक बढ़ाने में अग्रणी स्थान पर पहुंच चुकी है। आर्थराइटिस या चोट लगने पर कंधे के जॉइंट में होने वाली गंभीर समस्याओं में दर्द को कम करने और कंधे के कार्य को फिर से शुरू करने के लिए कंधे की रिप्लेसमेंट सर्जरी की जाती है। इसके पारंपरिक तरीकों में कभी-कभी इम्प्लांट के सटीक प्लेसमेंट और हर मरीज़ की विशेष शारीरिक रचना को अपनाने में कठिनाई होती है। वीआईपी के साथ आर्थ्रेक्स मॉड्यूलर ग्लेनोइड सिस्टम में उन्नत तकनीक और सावधानीपूर्वक योजना के साथ इन समस्याओं को निपटा जा सकता है। कंधे की सर्जरी में यह एक क्रांतिकारी परिवर्तन है, जिससे सर्जन और मरीज़ दोनों को लाभ मिलते हैं। सर्जन वीआईपी तकनीक का उपयोग करके सर्जरी से पहले इम्प्लांट प्लेसमेंट की योजना बनाते हैं। इस तकनीक में एक वर्चुअल शोल्डर मॉडल बनाया जाता है, जिसमें हर मरीज़ के लिए उसकी विशेष ज़रूरतों के अनुरूप बेजोड़ सटीकता सुनिश्चित की जाती है। इससे जटिलताएं कम होती हैं और कम से कम चीरे देकर सर्जरी की जाने से मरीज़ की रिकवरी भी तेज़ी से हो पाती है। मरीज़ के कंधे तेज़ी से काम करने लगते हैं, जिससे उनकी संतुष्टि बढ़ती है और वे अपनी रोज़ाना गतिविधियां फिर से शुरू कर पाने में जल्दी से सक्षम हो जाते हैं।

## वेब सीरीज कास्टिंग आउच का दूसरा भाग अक्टूबर 2024 में होगी रिलीज

नई सोच एक्सप्रेस




• पहला भाग हंगामा ,वीआई ,एयरटेल एक्सट्रीम और फनफ्लिक्स ओटीटी पर हैं उपलब्ध

**मुंबई**। लेखक व निर्देशक मनोज देशपांडे के निर्देशन में बनी वेब सीरीज कास्टिंग आउच का दूसरा भाग अक्टूबर 2024 में रिलीज किया जाएगा।इस सीरीज का पहला भाग हंगामा ,वीआई ,एयरटेल एक्सट्रीम और फनफ्लिक्स ओटीटी प्लेटफार्म पर निःशुल्क उपलब्ध हैं।पर्पल ट्री एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित इस वेब सीरीज के निर्माता गौरव साहनी हैं।जिसका पहला भाग छः एपिसोड का हैं।जिसकी कहानी कॉमेडी आधारित हैं।जिसमें एक महिला कास्टिंग डायरेक्टर अपनी भूमिका में बदलाव करते हुए पागलपन पैदा करते हुए कास्टिंग काउच का सहारा लेती हैं।इस रोमांटिक कॉमेडी सीरीज़ में प्यार, हंसी और उलझन हैं।मनोरंजन की हलचल भरी दुनिया में प्रतिष्ठित कास्टिंग डायरेक्टर नंदिता,जिनकी ऑडिशन सिर्फ स्क्रीन टेस्ट से कहीं अधिक हैं।वह अपने आकर्षण और चालाकी से आगे बढ़ती हैं।फिल्म इंडस्ट्री के उलझे हुए जाल,हँसी और घोटाले के निशान को पीछे छोड़ते हुए।लेकिन छुपे हुये परछाई उसका अनजान पति संदीप हैं।जिसका नंदिता की मासूमियत पर अटूट भरोसा और गलतफहमियाँ हैं।नंदिता और संदीप से जुड़ें हँसी, प्यार और हास्यास्पद स्थितियों की कहानी हैं कास्टिंग आउच।जो बेहद मनोरंजक हैं। इस सीरीज में रुचिका कसार, नितिन बनकर, दीपक कराड, विनय रावल, कपिल गोंडकर, विशाल मार्कंडेय,आनंद जोशी, धनश्री अडसुल ने अभिनय किया हैं।जबकि,डीओपी, संपादन और डीआई द कैप्चर जंक्शन स्टूडियो, मेकअप आर्टिस्ट प्राजक्ता जोशी हैं। इस वेब सीरीज को रोशनी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023 ,वीनस ब्राइटेस्ट स्टार इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, रील्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023 ,जंजीरा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, 2023 ,लेंसफेम अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2023 में सर्वश्रेष्ठ अभिनय,लेखन,निर्देशन आदि के लिए कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा रुमियन का नया ग्रेड पेश किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आधिकारिक तौर पर टोयोटा रुमियन के नए ग्रेड जी-एटी की बुकिंग और कीमत की घोषणा की है। साथ ही ई-सीएनजी बुकिंग भी फिर से शुरू की है। नए लॉन्च किए गए जी-एटी वैरिएंट से उम्मीद है कि यह अपने बेजोड़ स्पेस और आराम, बेहतरीन ईंधन दक्षता, स्टाइलिश और प्रीमियम एक्सटीरियर डिज़ाइन के साथ रुमियन की बाज़ार में स्वीकार्यता को और बढ़ाएगा। टीकेएम की यह नवीनतम पेशकश 13,00,000 रुपये की आकर्षक एक्स-शोरूम कीमत पर उपलब्ध होगी, जिसकी डिलीवरी 5 मई से शुरू होने की उम्मीद है। ग्राहक 11,000 रुपये की बुकिंग फीस के साथ किसी भी अधिकृत डीलरशिप पर या ऑनलाइन इस वाहन की बुकिंग कर सकते हैं। यह घोषणा करते हुए, टीकेएम के वाइस प्रेसिडेंट - बिक्री और रणनीतिक विपणन, सबरी मनोहर ने कहा, "टोयोटा रुमियन लाइनअप में हम नए ग्रेड को जोड़ने की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। इस तरह गतिशीलता की उनकी आवश्यकताओं और जरूरतों के आधार पर ग्राहकों को व्यापक पसंद और अधिक विकल्प मिलेंगे।

## विवाद को आगे न बढ़ाया जाए

आशा की जानी चाहिए कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय का आगामी आदेश अंतिम होगा। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान जैसी टिप्पणियां की एवं याचिकाकर्ता से तीखे प्रश्न किया उनसे अनुमान लगाया जा सकता है कि फैसला क्या होगा। पिछले महीने ही सर्वोच्च अदालत ने ईवीएम से संबंधित दो याचिकाएं खारिज की थी। न्यायालय ने एक याचिकाकर्ता पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया था। वस्तुतः शीर्ष अदालत ईवीएम से जुड़ी 40 याचिकाएं अभी तक खारिज कर चुका है। सामान्यतः यह बात समझ में नहीं आती कि चुनाव आयोग के साथ विसनीय विशेषज्ञ द्वारा बार-बार स्पष्ट करने के बावजूद की ईवीएम से न छेड़छाड़ हो सकती है न ही इसे हैक किया जा सकता है; इसके द्वारा चुनाव न कराने का अभियान क्यों लगातार जारी है? सर्वोच्च अदालत में भी इस पर बहस हो चुकीं हैं, फैसले आ चुके हैं। उच्च न्यायालयों ने दो दर्जन से ज्यादा इस पर फैसले दिए हैं। सभी में न्यायालय ने चुनाव आयोग के इस दावे को स्वीकार किया है कि ईवीएम से मतदान कराया जाना सुरक्षित और विसनीय है। तो फिर ऐसा क्यों हो रहा है? यह स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं कि ईवीएम एवं भारतीय राजनीति की विडंबनाओं का शिकार हो चुका है। इसी ईवीएम से जब राज्यों में विपक्ष जीतता है या 2004 एवं 2009 में यूपीए की सरकार गठन में इसका योगदान होता है तो वर्तमान विरोधी प्रश्न नहीं उठाते। हालांकि भाजपा की ओर से भी एक समय ईवीएम को इस अविसनीय बनाने की कोशिश हुई थी किंतु बाद में उसने इस अध्याय को पूरी तरह बंद कर दिया। ऐसा लगता है जैसे भारत के संपूर्ण लोकतंत्र और व्यवस्था को ही आम लोगों से लेकर संपूर्ण विश्व की दृष्टि में संदिग्ध, अविसनीय और साखविहीन साबित कर देने का सोचा समझा अभियान चल रहा हो। कल्पना करिए, अगर भारत सहित दुनिया भर में लोगों के एक बड़े समूह के अंदर यह बात बिठा दिया जाए कि भारत के सत्तारूढ़ पार्टी और गठबंधन ईवीएम में छेड़छाड़ कर चुनाव जीतता है जबकि उसे जनता वोट नहीं देती तो हमारी क्या छवि बनेगी? भारत का संसदीय लोकतंत्र, यहां का स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव विश्व के लिए एक बड़ा उदाहरण है। विश्व भर के टिप्पणीकार , विश्लेषक, राजनेता बताते हैं कि भारत जैसे विविधताओं वाले देश में इतने भारी मतदाताओं का मतदान संपन्न कराकर लोकतंत्र का चक्र बनाए रखना अद्भुत सफलता है।

# कम मतदान ने भाजपा की परेशानी बढ़ाई



आरती कुमारी



देश में हुए दो चरणों के चुनाव में 190 सीटों पर मतदान हो चुका है। यानी कुल 543 में से 35 प्रतिशत संसदीय क्षेत्रों के उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो चुका है। इन दो चरणों में हुए कम मतदान ने राजनीतिक दलों के साथ मतदाता को भी भ्रमित कर दिया है। जबकि चुनाव प्रचार चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो ओबीसी के कोटे में कांग्रेस द्वारा कर्नाटक में मुस्लिमों को आरक्षण देने का मुद्दा उछालकर हिंदु वोटों को धुरवीकृत करने का काम भी किया, बावजूद मतदान का नहीं बढ़ना भाजपा के लिए चिंता का सबब बन गया है। मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के बाद दूसरे चरण में भी मतदान में कमी ने भाजपा नेताओं की परेशानी बढ़ा दी है। दूसरे चरण में उन महिला मतदाताओं अर्थात लाडली बहनों ने भी कम मतदान किया है, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करके भाजपा को 163 सीटें दिलाई थीं। मतदाता के इस रुख के चलते जीत-हार का अनुमान लगाने वाली एजेंसियां भी असमंजस में है। मतदाता की उदासीनता ने ऊंट किस करवट बैठेगा, यह संशय बढ़ा दिया है। लोकतंत्र में वैसे तो जनता देश की भाग्य-विधाता होती है, लेकिन जीत के बाद नेता और दल जनता के भाग्य-विधाता विकास का दावा करते-करते बन जाते है। इस कथित भाग्य-विधाता की दूसरे चरण में हुए कम मतदान के बाद नींद उड़ी हुई है। कम मतदान को राजनैतिक दल अपने हिसाब से परिभाशित करते हैं। ज्यादातर इसे सत्ताधारी दल के विपरीत हुआ मतदान माना जाता है। लेकिन नरेंद्र मोदी के आक्रामक प्रचार और हिंदुओं के धुरवीकरण की रणनीति के चलते फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि मतदाता ने अपना रुख बदल दिया है। 60 प्रतिशत के आसपास पहुंचा मतदान अभी भी इस बात का संकेत है कि समूचे देश में भाजपा की बढ़त बनी हुई है। लेकिन जिस मध्यप्रदेश में भाजपा को लाडली बहनों से सबसे ज्यादा उम्मीद थी, वे मतदान के प्रति उदासीन दिखाई दी है। दूसरे चरण में खजुराहो, टीकमगढ़, दमोह, होषांगाबाद, रीवा और सतना में 59 प्रतिशत मतदान हुआ है। जबकि यहां 2019 में 67 प्रतिशत मतदान हुआ था। 2019 की तुलना में इनमें से चार सीटों पर महिलाओं ने कम मतदान किया है। टीकमगढ़ में 2019 में 63.80 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि 2024 में 56.35 प्रतिशत रह गया। सतना में 2019 में 70.77 था, जो अब 59.21 रह गया। खजुराहो में 2019 में 64.76 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो अब 53.06 रह गया। हालांकि दमोह और होशंगाबाद में महिलाओं ने वोट 2019 की तुलना में ज्यादा डाले। दो चरणों में 190 सीटों पर हुए मतदान में ज्यादातर सीटों पर कम मतदान के चलते भाजपा को झटका लगा है। जबकि अच्छे मतदान के लिए भाजपा ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर सूक्ष्म प्रबंधन के दावे किए थे। कार्यकर्ताओं को जुटाकर अमित शाह तक ने मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के गुर सिखाए थे। उधर जिला प्रशासन भी अधिक मतदान के लिए उन सब टोने-टोटकों को आजमाता रहा है, जिन्हें मतदान बढ़ाने का परंपरागत फार्मूला माना गया है। हालांकि इन टोटकों में ज्यादा कुछ असरकारी कभी दिखाई नहीं दिया। प्रशासन की हुंकार पर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों, आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओं और स्व-सहायता समूह की महिलाओं को इकट्ठा करके मानव श्रृंखला बनाकर और कुछ नारे लगाकर इन टोटकों की इतिश्री न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश में कर ली जाती है। जिसके नतीजे लगभग शून्य होते हैं। बहरहाल भाजपा संगठन इस तैयारी में लगा रहा था कि मतदान लगभग 10 प्रतिशत तक बढ़ जाए। इस नाते भाजपा ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर 370 वोट बढ़ाने का पाठ भी कार्यकर्ताओं को पढ़ाया था। परंतु हुआ इसका उल्टा, 10 से 12 प्रतिशत तक मत-प्रतिशत कम हो गया। साफ है, वोट बढ़ाने का फार्मूला कारगर साबित नहीं हुआ है। संभव है अगले पांच चरणों में भी अब यही ट्रैंड देखने में आए ? मध्यप्रदेश में भाजपा ने विधानसभा चुनाव में युद्ध स्तर पर मतदान केंद्रों तक मतदाता को पहुंचाने की जिम्मेबारी लेते हुए वोट-प्रतिशत 48.55 प्रतिशत तक पहुंचा दिया था। इसी का नतीजा रहा कि 230 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 163 सीटों पर विजय प्राप्त कर ली थी। भाजपा के इस केंद्र प्रबंधन की तारीफ भाजपा के राश्ट्रीय अधिवेशन में भी हुई। अतएव इसी फार्मूले को लोकसभा चुनाव में भी अजमाने के प्रबंध किए गए। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को कार्यशालाएं लगाकर प्रशिक्षित भी किया गया। लेकिन मत-प्रतिशत बढ़ने की बजाय घट गया। कार्यकर्ता और मतदाता के उदासीन होने के कारणों में विधानसभा चुनाव परिणाम में स्पष्ट बहुमत के बावजूद मुख्यमंत्री के चयन में उम्मीद से ज्यादा देरी और फिर मंत्रीमंडल के गठन में भी इसी देरी को दोहराना प्रमुख कारण रहे हैं। इस उदासीनता के पीछे एक बड़ा कारण शिवराज सिंह चैहान को हाशिए पर डालना भी रहा है। जबकि विधानसभा चुनाव में जीत का प्रमुख आधार उनकी लाडली लक्ष्मियां और बहनें रही हैं। शिवराज की लोक-लुभावन भाषण कला भी इस बड़ी जीत का एक राज रही है। जबकि मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद से लेकर अब तक उनका करिष्माई नेतृत्व किसी भी क्षेत्र में देखने में नहीं आया है। हालांकि अब नरेंद्र मोदी ने कहा है कि शिवराज को केंद्र में ले जाएंगे। देश और मध्यप्रदेश में कम मतदान की झलक यह जता रही है कि फिलहाल कांग्रेस शून्य नहीं हो रही है। सुविधा भोगी मतदाता ने कम मतदान किया है। ज्यादातर शहरी मतदाता इन दोनों चरणों में शुक्रवार को मतदान के चलते शनिवार और रविवार की छुट्टी होने के कारण सपरिवार पर्यटन पर निकल गया। नतीजतन ऐसे लोगों ने मतदान की जिम्मेदारी से पलड़ा झाड़ लिया। दूसरी तरफ दलों और कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने से किनारा कर लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह किनारा इसलिए किया, क्योंकि वे इस अतिविश्वास के शिकार हो गए हैं कि मोदी और राम में लहर बन जाने के कारण भाजपा 400 पार जा रही है। कांग्रेस और अन्य दलों के कार्यकर्ता इस गलतफहमी में हैं कि मोदी लहर के चलते उनके दल का पार पाना मुश्किल है। इसलिए उसने मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाने से दूरी बनाए रखी। कांग्रेस के पास संसाधनों की कमी के चलते भी यह स्थिति देखने में आई है। विपक्षी दल मतदाता को मुद्दों के आधार पर लुभाने में भी सफल नहीं हुए। विपक्षी दलों के बिखराव ने भी मतदाता को उदासीन बनाने का काम किया है। मतदाता ने सोच बना लिया कि इंडिया गठबंधन बन जाने के बावजूद इसका कोई केंद्रीय नेतृत्वकर्ता सामने नहीं है। इसलिए मोदी पर भरोसा करना ही ठीक है। लेकिन यह उदासीनता देश हित में कतई उचित नहीं है।

# कांग्रेस क्यों नहीं रख पा रही है अपने लोगों पर कंट्रोल

अशोक भाटिया

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा हैट्रिक की तैयारी में जुटी है। वहीं विपक्षी पार्टियों की एक के बाद एक मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं।'इंडिया 'गठबंधन को मजबूत करने में जुटी कांग्रेस अब खुद कमजोर ही नजर आ रही है। कांग्रेस के नेता लगातार पार्टी से छिटकते जा रहे हैं, कांग्रेस नॉर्थ से लेकर ईस्ट तक संकट में घिरी नजर आ रही है। यहां के कई राज्यों में पिछले दो दिनों में इस्तीफों का सिलसिला देखने को मिला है। पहले भारत जोड़ो यात्रा और अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए खोई साख हासिल करने में जुटी कांग्रेस अपने ही नेताओं को जोड़े रखने में विफल नजर आ रही है। फिर चाहे बात हिमाचल-बिहार की हो या फिर बंगाल-असम की। कांग्रेस के कद्दावर नेता पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम रहे हैं। नेताओं के पार्टी छोड़ने के सवाल पर राहुल गांधी कह चुके हैं कि जो भी जाना चाहता है, वह जा सकता है। उधर, जो नेता पार्टी छोड़ रहे हैं वह कांग्रेस पर अनदेखी और जैसे आरोप लगा रहे हैं। इस्तीफों का सिलसिला इन चार राज्यों में ही सिमित नहीं है। इससे पहले महाराष्ट्र और झारखंड जैसे राज्यों में भी दलबदल का खेला देखने को मिला था। यहां कांग्रेस के कई कद्दावर नेताओं ने पार्टी छोड़कर भाजपा जॉइन कर ली। महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण और बासवराज पाटिल जैसे बड़े नेताओं का पाला बदलना कांग्रेस के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। वहीं झारखंड में भी पार्टी की एकलौती सांसद गीता कोड़ा ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। इसके बाद भी इस्तीफों का सिलसिला जारी है। अब हद तो तब हो गई जब देश के चुनाव में दो चरण बीत चुके हैं और तब कांग्रेस के भीतर रण छोड़ने का अलग ही चरण चल रहा है। कांग्रेस में कोई प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ रहा है। कोई उम्मीदवारी छोड़ रहा है। और कोई गढ़ माने जाने वाली सीट पर उम्मीदवारी का पत्ता ही नहीं खोल रहा है। अब सोमवार को दस्तक देती खबर मध्य प्रदेश की बड़ी लोकसभा सीट इंदौर से आई, जहां बारात तैयारी थी, बाराती तैयार थे, लेकिन अचानक दूल्हा पलट गया। यानी इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी ने नामांकन वापसी के आखिरी दिन खुद ही अपना पर्चा वापस लेकर कांग्रेस को स्वच्छता में टॉप रहने वाले शहर इंदौर से चुनाव में साफ कर दिया। 400 पार का नारा देती भाजपा देश में एक सीट निर्विरोध जीत चुकी है, दो पर जीत पहले से तय मानी जा रही है। क्योंकि मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट पर'इंडिया 'गठबंधन की प्रत्याशी मीरा यादव का पर्चा दस्तखत ना होने से खारिज हो गया। यहां बाद में'इंडिया 'गठबंधन ने अपना प्रत्याशी न रहने पर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के कैंडिडेट को समर्थन दे दिया है। फिर गुजरात के सूरत में कांग्रेस के अधिकृत और डमी, दोनों प्रत्याशी का पर्चा खारिज हो गया था। बाकी बसपा समेत निर्दलीय प्रत्याशियों ने पर्चा वापस से लिया। भाजपा के प्रत्याशी निर्विरोध जीत गए। अब मध्य प्रदेश के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के गृह जिले इंदौर की सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी अक्षय बम ने अपना पर्चा वापस ले लिया। है। इतना ही नहीं, जब इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन वापस लेने पहुंचे तो उनके साथ कलेक्टर ऑफिस में भाजपा विधायक रमेश मेंदोला देखे गए। और फिर भाजपा में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश के बड़े नेता कैलाश विजयवर्गीय के साथ अक्षय कांति बम निकल पड़े। अब सवाल उठता है कि आखिर क्यों कांग्रेस प्रत्याशी ने ऐसा किया? कहीं सरकार पलटे या विधायक। तुरंत ऑपरेशन लोटस के आरोप लगते हैं। इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी के पर्चा लेकर पलटने पर भी आरोप लगाया जा रहा है कि कांग्रेस प्रत्याशी की कोई कमजोर नस दबाई गई है। इंदौर में कांग्रेस की शहर कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव को कलेक्टर दफ्तर के बाहर फोन पर कांग्रेस के किसी नेता को कॉल करके गुस्सा निकालते देखा गया। इस दौरान वह फोन पर कह रहे थे, "मैं शुरु से कह रहा था कि नाम वापस लेगा, पैसा देखकर टिकट दिया क्या योगदाना था? क्या संघर्ष किया? पार्टी हाईकमान को देखना चाहिए हमारे जैसे कार्यकर्ता को मार रही है। अकेले खड़े हैं, वो निकल गया। पार्टी क्यों देती है पैसा देखकर, काम को आधार नहीं बनाते हो? यानी कांग्रेस के ही स्थानीय नेता अपने ही प्रत्याशी पर पहले से सवाल उठाते आए। उन्हें डर था कि ये पार्टी पाला पर्चा सब बदलेंगे। हुआ वही जो कांग्रेस के नेताओ को डर था। अब सवाल है कि खजुराहो, सूरत और इंदौर में जो हुआ, क्या आगे मध्य प्रदेश में और भी किसी सीट पर हो सकता है? जवाब में मुख्यमंत्री मोहन यादव कहते हैं कि हमारा दर खुला है, खुला ही रहेगा, तुम्हारे लिए। उन्होंने कहा, "करीब ढाई लाख लोग ज्वाइन कर रह हैं, हमको सेलेक्शन करना पड़ता है किस को आने दें। 179 पूर्व विधायक पार्टी ज्वाइन कर चुके हैं, पार्टी का बढ़ता ग्राफ है। छतरी में अधिकांश लोग समाहित हो रहे हैं। कांग्रेस सोचे उनके लोग पार्टी क्यों छोड़ रहे हैं। बता दें कि हर चरण के चुनाव से पहले भाजपा के खाते में एक अच्छी खबर आ रही है। फर्स्ट फेज से पहले खजुराहो में सपा प्रत्याशी का पर्चा खारिज हुआ। दूसरे फेज से पहले सूरत में कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा खारिज हुआ। तीसरे फेज से पहले अब इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापिस ले लिया। और अब उस सीट की दस्तक के बारे में बात करते हैं, जहां 2014 में हारी भाजपा प्रत्याशी ने फिर हार नहीं मानी। उसी सीट को अपना घर बनाया। 2019 में जीत हासिल की। ये सीट है उत्तर प्रदेश की अमेठी की। जहां आज स्मृति इरानी ने ने नामांकन किया। हलफनामे में दिल्ली नहीं अमेठी में बनवाए गए घर को ही अपना पता दिखाया। इसी अमेठी को राहुल गांधी भी अपना घर आंगन कहते थे। लेकिन अमेठी से राहुल के लड़ने को लेकर असमंजस अब तक बना हुआ है। भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य में ' इंडिया ' के सीट बंटवारे के तहत कांग्रेस ने खजुराहो सीट सपा के लिए छोड़ दी थी। भाजपा ने इस सीट पर अपने प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को इस सीट से मैदान में उतारा है। रिटर्निंग अधिकारी ने सपा प्रत्याशी मीरा यादव के नामांकन पत्र में दो कमियां निकाल दीं। पहला, फॉर्म के साथ लगी मतदाता सूची प्रमाणित नहीं है या पुरानी है। दूसरी- दो जगह हस्ताक्षर कराना था, लेकिन केवल एक ही स्थान पर साइन किया गया है। यहां सपा का पर्चा खारिज होने के बाद'इंडिया 'गठबंधन ने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के कैंडिडेट को समर्थन दे दिया है। सूरत लोकसभा सीट से भाजपा के मुकेश दलाल को निर्विरोध विजेता घोषित किया गया था। इस सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार निलेश कुम्भानी का नामांकन रिटर्निंग ऑफिसर ने रद्द कर दिया था। उनके प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में गड़बड़ियों का हवाला देकर नामांकन रद्द किया गया था। कांग्रेस के उम्मीदवारों का नामांकन रद्द होने के बाद बाकी बचे 8 उम्मीदवारों ने भी अपनी उम्मीदवारी वापिस ले ली। ऐसे में भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल निर्विरोध चुन लिए गए। चुनाव आयोग ने उन्हें जीत का सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया है। यह पहली बार है जब लोकसभा चुनाव में भाजपा का कोई सांसद निर्विरोध चुना गया हो।




**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है, विरोधी आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होने से आप प्रसन्न रहेंगे। आज आपको अपने बिजनेस तथा अन्य कार्यों पर पूरी नजर रखने की जरूरत है। लोगों के साथ मेल-मिलाप के लिए भी समय जरूर निकालें और अपने संपर्क का दायरा बढ़ाएं।

**वृष राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेनी चाहिए। सिनेमा जगत के कलाकारों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है। आज खुद की गलती की जिम्मेदारी न लेने से आप अच्छा महसूस नहीं करेंगे। आज आप बच्चों के करियर संबंधी सलाह लेंगे।

**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। यदि आप घर मकान या दुकान, खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज आप अपने अहम् पर काबू करके परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे तो आपको आसानी से हल मिल जाएगा।

**कर्क राशि**: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरा होने से प्रसन्नता मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित रहेंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घरवालों को भी ख़ुशी होगी।

**सिंह राशि** : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की देने वाला रहेगा। अपने आस पास की सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे। हॉकी खेल रहे खिलाडिय़ों को आज अपने कोच के द्वारा प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे वह खेल के मैदान में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपना धैर्य ना खोएं और किसी भी कार्य को शांतिपूर्ण तरीके से व सोच-विचार करके ही पूरा करें।

**कन्या राशि**: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी बुजुर्ग की सहायता करने पर आपको अच्छा महसूस होगा। आज अच्छाईयों को अपनाएं जिससे आपका जीवन और अधिक सुंदर बनेगा। छात्रों को आज सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज कारोबार सम्बन्धी योजनाओं को अपरिचित लोगों के सामने जाहिर न करें, कोई इसकी नकल कर सकता है। इस राशि की वर्किंग महिलाएं कामकाज की वजह से व्यस्त रहेगी।

**वृश्चिक राशि**: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। छात्रों को सीनियर्स से कुछ नया सीखने को मिलेगा। किसी काम को लेकर आज भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। दांपत्य रिश्ते में अनबन दूर होगी, रिश्ते की नई शुरुआत करेंगे। आज बुजुर्गों के साथ समय बिताएं, उन्हें काफी अच्छा लगेगा।

**धनु राशि** : आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आपके माता-पिता आपके करियर को बेहतर बनाने के लिए आपके गुरुजनों से विचार विमर्श करेंगे। आज आपके व्यवहार में आये सकारात्मक बदलाव से जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज ऑफिस के कार्यों को पूरा करने में थोडा समय लग सकता है।


**मकर राशि**: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप किसी अच्छे डॉक्टर से संपर्क करेंगे। ईश्वर आज आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी करेंगे। संतान पक्ष से आपको सुख मिलेगा। किसी अनजान व्यक्ति से अपने निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना चाहिए। किसी काम में उचित परिणाम मिलने से आज आपके चेहरे पर मुस्कान बनी रहेगी।

**कुंभ राशि** : आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। यदि आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का नया काम बढ़ाना चाहते हैं, तो आप किसी विशेष सलाहकार से सलाह लेकर ही नया काम शुरू करें। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, पहले से चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी।

**मीन राशि** : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपकी मकान, दुकान की परेशानी हल हो सकती है। नौकरी करने वाले लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। सैलरी इन्क्रीमेंट के साथ पदोन्नति भी होगी। आज आप अपने घर में किसी प्रकार का कोई धार्मिक कार्य कर सकते हैं, जिसमें आप अपने विशेष अतिथियों को भी आमंत्रित करने का विचार करेंगे। पैसों की स्थिति में बड़े बदलाव होने की संभावना है।

# भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती उत्पादों की मांग

प्रहलाद सबनानी



भारत में आज भी लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है एवं अपने जीवन यापन के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही आश्रित रहती है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किये जा रहे विकास कार्यों के चलते इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली राशि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं।हाल ही में जारी किए गए कुछ सर्वे प्रतिवेदनों के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की एक नई कहानी लिखी जा रही है क्योंकि अब विभिन्न उत्पादों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। उपभोक्ता वस्तुओं एवं ऑटो निर्माता कम्पनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के समय में उपभोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों (ट्रैक्टर सहित) की मांग में तेजी दिखाई दे रही है, जो कि वर्ष 2023 में लगातार कम बनी रही थी। यह संभवतः रबी फसल के सफल होने के चलते भी सम्भव हो रहा है। उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल ही में सम्पन्न अपनी द्विमासिक मोनेटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है, ताकि बाजार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में, उत्पादों की मांग विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, ताकि इससे अंततः वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के आर्थिक विकास की दर भी अच्छी बनी रहे। भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है एवं अब ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई देने लगी है। यह तथ्य विकास के कुछ अन्य सूचकांकों से भी उभरकर सामने आ रहा है। जनवरी-फरवरी 2024 माह में दोपहिया वाहनों की बिक्री में, पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान की बिक्री की तुलना में, 30.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है, जो हाल ही के कुछ वर्षों में अधिकतम वृद्धि दर मानी जा रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री ग्रामीण इलाकों (लगभग 10 प्रतिशत) में शहरी इलाकों (लगभग 7 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले रोजगार के अवसरों की मांग में भी फरवरी-मार्च 2024 माह के दौरान 9.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हो रहे हैं। इसी प्रकार, ट्रैक्टर की बिक्री में भी जनवरी-फरवरी 2024 माह के दौरान 16.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में कुल 892,313 ट्रैक्टर की बिक्री हुई है जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है। भारत के मौसम विभाग द्वारा जारी की गई भविष्यवाणी के अनुसार, वर्ष 2024 के मानसून मौसम के दौरान भारत में मानसून की बारिश के सामान्य से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना है। इससे भारत के किसानों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि मानसून के अच्छे होने से खरीफ की फसल के भी बहुत अच्छे रहने की सम्भावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के सोचना है कि इस वर्ष अल नीनो के स्थान पर ला नीना का प्रभाव दिखाई देगा। अल नीनों के प्रभाव में देश में बारिश कम होती है एवं ला नीना के प्रभाव में देश में बारिश अधिक होती है। साथ ही, भारतीय किसान अब तिलहन, दलहन एवं बागवानी की फसलों की ओर भी आकर्षित होने लगे हैं। दालों, वनस्पति, फलों एवं सब्जियों के अधिक उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि दृष्टिगोचर है। केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न खाद्य उत्पादों की बिक्री के लिए ई-पोर्टल के बनाए जाने के बाद से तो भारतीय किसान अपनी फसलों को वैश्विक स्तर पर सीधे ही बेच रहे हैं और अपने मुनाफे में वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। भारतीय खाद्य पदार्थों की मांग अब वैश्विक स्तर पर भी होने लगी है एवं खाद्य पदार्थों के निर्यात में भी नित नए रिकार्ड बनाए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग सामान्यतः अच्छे मानसून के पश्चात अच्छी फसल एवं विभिन्न सरकारों, केंद्र एवं राज्य सरकारों, द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर किए जा रहे खर्चों में बढ़ौतरी के चलते ही सम्भव होती है। केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लागू की गई विकास की विभिन्न योजनाओं पर व्यय में लगातार वर्ष दर वर्ष वृद्धि की जा रही है एवं इसके लिए केंद्रीय बजट में भी बढ़े हुए व्यय का प्रावधान प्रति वर्ष किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं एवं इन इलाकों में विभिन्न उत्पादों की मांग भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। नीलसन द्वारा किए गए एक सर्वे के यह बताया गया है कि जनवरी एवं फरवरी 2024 माह में भारत में विभिन्न उत्पादों की शहरी क्षेत्रों में मांग 1.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में मांग 2.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। विशेष रूप से फरवरी 2024 के बाद से ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में वृद्धि लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। रबी की फसल के भी अच्छे रहने की सम्भावना बलवती हुई है जिसके कारण किसानों की मनोदशा भी सकारात्मक बन रही है और यह वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश की आर्थिक वृद्धि दर को बलवती करने के मुख्य भूमिका निभाने जा रही है। आज देश की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है यदि ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों की मनोवृत्ति सकारात्मक हो रही है तो निश्चित ही वित्तीय वर्ष 2024-25, आर्थिक विकास की दृष्टि से अतुलनीय परिणाम देने वाला वर्ष साबित होने जा रहा है।



# रिलीज के लिए तैयार है तमन्ना भाटिया की अरनमनई 4

तमिल हॉरर कॉमेडी फिल्म अरनमनई 4 सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसी के मद्देनजर फिल्म का प्रचार जोरों पर है। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना इसके प्रचार में जुटी हुई हैं। दोनों ही अभिनेत्रियां इस काम में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। मालूम हो कि तमन्ना इन दिनों आईपीएल 2023 की अवैध स्ट्रीमिंग मामले के चलते विवादों में घिरी हुई हैं।

### 3 मई को होगी रिलीज

फिल्म अरनमनई 4 में तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना के अलावा सुंदर सी भी मुख्य भूमिका में हैं। इन तीनों के अलावा कोवई सरला, योगी बाबू, वेनेला किशोर, श्रीनिवास रेड्डी, सुनील और केएस रविकुमार भी अभिनय करते नजर आएंगे। यह फिल्म 3 मई, 2024 को रिलीज होगी। तेलुगु में इस फिल्म को उसी दिन बाक के नाम से रिलीज किया जाएगा। फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर है। उन्हें फिल्म के चौथे भाग से काफी उम्मीदें हैं।

### सुंदर सी की पत्नी ने किया हैं फिल्म का निर्माण

फिल्म सेंसर बोर्ड से भी प्रमाणपत्र पा चुकी है। इसे यू/ए प्रमाणपत्र दिया गया है। इसका निर्माण सुंदर सी की पत्नी खुशबू सुंदर और एसीएस अरुण कुमार ने किया हैं। फिल्म में संगीतकार हिपहॉप तमिझा का संगीत सुनने को मिलेगा। हाल ही में, फिल्म के गाने अचाचो को रिलीज किया गया था। इस गाने में तमिझा के संगीत, खरेस्मा रविचंद्रन की आवाज और विग्नेश श्रीकांत के बोल को लोग खूब पसंद कर रहे हैं।

### 2014 में रिलीज हुआ था पहला भाग

अरनमनई सीरीज की पहली फिल्म साल 2014 में रिलीज हुई थी। पहले भाग में हंसिका मोटवानी, विनय राय, सुंदर और एंड्रिया जेरेमिया ने मुख्य भूमिका अदा की थी। फिल्म का दूसरा भाग 2016 में रिलीज हुई था। इसमें सुंदर, हंसिका मोटवानी, सिद्धार्थ और तृषा नजर आए थे। वहीं, तीसरा भाग साल 2021 में रिलीज किया गया था, जिसमें सुंदर, राशि खन्ना और एंड्रिया जेरेमिया ने काम किया था।



# राशि खन्ना का खुलासा
# स्क्रिप्ट पढ़े बिना ही साइन की तेलुगु फिल्म बाक

हॉरर फिल्म अरनमनई 4 लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फैंस भी इस फिल्म से जुड़ी हर जानकारी जानने के लिए उत्सुक रहते हैं। यह एक हॉरर कॉमेडी और सस्पेंस से भरी फिल्म है। यह फिल्म 3 मई 2024 को रिलीज होगी। तेलुगु में इस फिल्म को उसी दिन बाक के नाम से रिलीज किया जाएगा। फिल्म को लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। उन्हें फिल्म के इस चौथे भाग से काफी उम्मीदें हैं। पहले इस फिल्म की रिलीज डेट 26 अप्रैल तय की गई थी, लेकिन अब इसे 3 मई को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। अरनमनई 4 में रामचंद्र राजू, कोवई सरला, योगी बाबू, वीटीवी गणेश, दिल्ली गणेश और कई दिग्गज कलाकार हैं। फिल्म का निर्माण अवनि सिनेमैक्स के बैनर तले खुशबू सुंदर द्वारा किया गया है और संगीत संगीतकार जोड़ी हिपहॉप तमिझा द्वारा दिया गया है। राशी खन्ना दक्षिण में एक ठोस हिट की तलाश में हैं और उन्होंने बाक से काफी उम्मीदें लगा रखी हैं। तेलुगु राज्यों में तेलुगु संस्करण कि यह फिल्म कैसा प्रदर्शन करती है। इस फिल्म से फैंस के साथ ही स्टारकास्ट को भी काफी उम्मीदें हैं।

फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना भी इसका प्रचार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही हैं। एक इंटरव्यू के दौरान राशि खन्ना ने कहा, जब सुंदर सी ने उन्हें फोन किया तो उन्होंने (राशि) बिना स्क्रिप्ट सुने ही फिल्म के लिए हां कह दिया। वह इसकी स्क्रिप्ट सुनना ही नहीं चाहती थीं क्योंकि वह सिर्फ इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना चाहती थीं।

अरनमनई सीरीज की पहली फिल्म साल 2014 में रिलीज हुई थी। पहले भाग में हंसिका मोटवानी, विनय राय, सुंदर और एंड्रिया जेरेमिया ने मुख्य भूमिका अदा की थी। फिल्म का दूसरा भाग 2016 में रिलीज हुई था। इसमें सुंदर, हंसिका मोटवानी, सिद्धार्थ और तृषा नजर आए थे। वहीं, तीसरा भाग साल 2021 में रिलीज किया गया था, जिसमें सुंदर, राशि खन्ना और एंड्रिया जेरेमिया ने काम किया था। तमन्ना इन दिनों आईपीएल 2023 की अवैध स्ट्रीमिंग मामले के चलते विवादों में घिरी हुई हैं। इसके अलावा तमन्ना भाटिया अपनी आगामी फिल्म ओडेला 2 को लेकर सुर्खियों में लगातार बनी हुई हैं। इस फिल्म की शूटिंग मार्च महीने से शुरू हो चुकी है। ओडेला 2 क्राइम-थ्रिलर फिल्म ओडेला रेलवे स्टेशन का दूसरा भाग है। इसका पहला भाग साल 2022 में रिलीज हुआ था। तो वहीं राशि खन्ना हील ही में फिल्म योद्धा में नजर आई थीं।



# भंसाली से बेटे की तारीफ सुन शेखर के छलक पड़े आंसू

संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार की चर्चा इस समय हर ओर हो रही है। जल्द ही इस शो की स्ट्रीमिंग नेटफ्लिक्स पर शुरू होने वाली है। इसमें कई दिग्गज कलाकारों के साथ अध्ययन सुमन भी नजर आने वाले हैं। सीरीज में उनके किरदार को लेकर लोगों में काफी ज्यादा उत्सुकता देखने को मिल रही है। शो में उनके अभिनय से भंसाली भी काफी ज्यादा प्रभावित हुए हैं। इस बात का खुलासा हाल ही में खुद शेखर सुमन ने किया है। एक बातचीत में शेखर ने बताया कि कैसे संजय लीला भंसाली अध्ययन के पांच मिनट का एक संवाद प्रस्तुत करते हुए देखकर बहुत प्रभावित हुए थे। उन्होंने बताया कि भंसाली ने इस सीन के बाद अध्ययन से सवाल किया कि क्या उनके पिता ने उनके अभिनय कौशल को प्रभावित किया है। अभिनेता ने खुलासा किया कि एक ही टेक में शॉट देने के बाद सेट पर मौजूद पूरी टीम ने उनके बेटे प्रशंसा की और तालियां बजाईं। शेखर ने बताया कि उनकी इस परफॉरमेंस के बाद संजय लीला भंसाली ने जब फोन पर तारीफ की तो उनकी आंखों में आंसू आ गए थे। हीरामंडी की बात करें तो यह वेश्याओं की दुनिया पर आधारित एक पीरियड ड्रामा है, जिसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, फरदीन खान जैसे शानदार कलाकार नजर आएंगे। 1 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकेगा। सीरीज में शेखर सुमन भी अहम किरदार में दिखने वाले हैं।

# पैपराजी से नाराजगी पर बोलीं तापसी

तापसी पन्नू कई बार पैपराजी पर नाराज होती नजर आई हैं। इस बारे में चर्चा करते हुए तापसी ने एक इंटरव्यू में कहा- मैं 'रियल' हूं और केवल 'म्यूचुअल रिस्पेक्ट' की उम्मीद करती हूं। जो एक्टर्स पैपराजी के सामने एक्स्ट्रा स्वीट बनते हैं, ऐसे लोगों को तापसी ने 'लाजवंती' नाम दिया है। तापसी का कहना है कि वो इस तरह का दिखावा नहीं कर सकती हैं। एक्ट्रेस ने साफतौर पर कहा- मुझे माफ करें, लेकिन मैं 'लाजवंती' नहीं बन सकती। तापसी ने कहा- भले ही लोग मुझे अजीब समझते हों, लेकिन मैं केवल 'रियल' रहने की कोशिश करती हूं। उन्होंने कहा- अगर आप मुझसे बात करते हैं, तो मैं बातचीत करूंगी, लेकिन अगर आप ये कहते हैं कि, 'आपकी पिछली फिल्म नहीं चली, तो कैसा लगता है?' या इतनी देर से खड़ी हैं, फोटो तो दे दो फिर।' आप मुझसे इस तरह की बातें करेंगे तो मैं आपसे बातचीत नहीं कर पाऊंगी। क्योंकि यहां 'म्यूचुअल रिस्पेक्ट' की जरूरत है। तापसी ने कहा- अगर आप किसी ऐसी जगह पर आ आते हैं, जहां मैं काम नहीं कर रही हूं। ऐसे में आप मुझसे ये उम्मीद नहीं कर सकते हैं कि मैं आपको एंटरटेन करूं। कुछ महीने पहले तापसी डिनर के बाद रेस्टोरेंट से निकलीं तो उन्होंने देखा कि पैपराजी उनकी कार को घेरे खड़े हुए थे। ये देखकर तापसी भड़क गईं थीं और उन्होंने पैपराजी को ताना मारते हुए कार से दूर हटने की रिक्वेस्ट की थी। इस इंसीडेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पैपराजी उनके सामने से हट नहीं रहे थे, तो तापसी उनसे कई बार हटने के लिए बोले जा रही थीं। फिल्म 'दोबारा' के प्रमोशन के दौरान तापसी एक इवेंट में लेट पहुंची थीं तब उनकी पैपराजी से बहस हो गई थी। जब पैपराजी ने उनसे कहा कि हम आपका काफी देर से वेट कर रहे हैं तो तापसी ने कहा कि आप मुझे क्यों डांट रहे हो। मुझे जो टाइम दिया गया है, मैं उस टाइम पर आ रही हूं। आप मुझसे ढंग से बात कीजिए।'



# वेलकम टू द जंगल में आफताब की हुई एंट्री

वेलकम टू द जंगल को लेकर फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। इस फिल्म में बड़ी संख्या में सितारे नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। अक्षय कुमार की इस फिल्म में अब आफताब शिवदासानी की एंट्री हो गई है। इस बात की पुष्टि खुद अभिनेता ने सोशल मीडियाके जरिए की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक खास तस्वीर को साझा करते हुए बताया कि फिल्म में वे भी काम कर रहे हैं। आफताब ने 16 साल पहले और 2024 की तस्वीर का कोलाज साझा करते हुए लिखा, पहली और दूसरी तस्वीर 16 साल के अंतराल पर ली गई है। जैसा कि आप देख सकते हैं कि तब से अब तक कुछ भी नहीं बदला है। आवारा को पागल जंगल में इस दीवाने का स्वागत करने के लिए धन्यवाद। इस फिल्म को 20 दिसंबर, 2024 को रिलीज करने की तैयारी चल रही है। इस फ्रेंचाइजी में अक्षय कुमार ने एक बार फिर वापसी की है। वेलकम के दूसरे भाग में उनकी जगह जॉन अब्राहम नजर आए थे। वेलकम टू द जंगल में सुनील शेट्टी, संजय दत्त, दिशा पटानी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, परेश रावल, जॉनी लीवर, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े और राजपाल यादव सहित कई बॉलीवुड अभिनेता अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।





# इन सितारों ने प्लास्टिक सर्जरी की अफवाहों से किया इनकार

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक कई अभिनेताओं और अभिनेत्रियों ने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है। कई सितारों ने इस प्रक्रिया के चलते अपनी जान भी गंवा दी, तो वहीं, कई के चेहरे और शरीर सर्जरी के बाद भद्दे हो गए। हालांकि, कई सितारों की सर्जरी सफल रही और वह पहले से ज्यादा खूबसूरत दिखने लगे। ऐसे में अफवाहों का बाजार भी खूब गर्म रहता है। आज हम ऐसे ही सितारों की बात करने जा रहे हैं, जिन्हें लेकर अफवाह उड़ी की उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी करवा ली है, लेकिन इन सितारों ने अफवाहों का खंडन कर दिया।

### राजकुमार राव

हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की एक फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। वायरल फोटो देखने के बाद लोगों ने दावा करना शुरू कर दिया कि अभिनेता ने प्लास्टिक सर्जरी करवा ली है। हालांकि, एक साक्षात्कार में अभिनेता ने इस बात का खंडन कर दिया। राजकुमार राव ने कहा कि उनहोंने कोई सर्जरी नहीं करवाई है।

### लेडी गागा

हॉलीवुड की मशहूर हस्तियों में से एक नाम है 'लेडी गागा' का। लेडी को भी सर्जरी की अफवाहों से गुजरना पड़ा है। लेडी गागा ने ऑस्कर और ग्रैमी जैसे अवार्ड जीते हैं। लेडी गागा भी हाल ही में चेहरे पर इंजेक्शन लगाने के प्रयोग के बारे में सफाई दी है। लेडी गागा हॉलीवुड की आगामी फिल्म 'जोकर 2' में दिखेंगी।



### प्रियंका चोपड़ा

सालों से प्रियंका चोपड़ा को लगातार अफवाहों का सामना करना पड़ा है कि उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस पर अभिनेत्री ने खुलासा किया था कि उन्होंने नाक के पॉलीप के इलाज के लिए सर्जरी करवाई थी, जिसके कारण अनजाने में उनकी नाक के लिए सुधारात्मक प्रक्रियाएं हुईं।

### वाणी कपूर

अभिनेत्री वाणी कपूरी को भी ढोड़ी की सर्जरी की अफवाहों का सामना करना पड़ा है। हालांकि, उन्होंने इन दावों का खंडन कर दिया। अपने चेहरे में आए बदलावों का कारण उन्होंने वजन कम होने को बताया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक साक्षात्कार में अभिनेत्री ने यह तर्क भी दिया कि इस उद्योग में वह नई हैं, इसलिए वो सर्जरी का खर्च नहीं उठा सकतीं।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **आरती कुमारी** द्वार अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना - 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना - 800006 से प्रकाशित। ***संपादक - अविनाश**। संपादकीय कार्यालय : 8वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना - 800001, RNI : BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।